आश्विन शुक्ल पक्ष-06, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 106 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

08 अक्टूबर 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

30 अधिकतम

25 न्यूनतम



Page- 7

## हरियाणा में भाजपा हैट्रिक की ओर तो कश्मीर में कांग्रेस-एनसी सरकार के पुख्ता आसार

### दो राज्यों के विस चुनाव के नतीजों में कई चौंकाने वाले उलटफेर

# हरियाणा में कांग्रेस के वोट ज्यादा सीटें कम, हरी-भरी भाजपा.. घाटी पर फिसली

### लोकसभा चुनाव के बाद पहले बड़े मुकाबले में दोनों दलों की फिफ्टी-फिफ्टी

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव में बहुमत से पिछड़ने के बाद अब भाजपा को बड़ा संबल हरियाणा से मिलता नजर आ रहा है। यहां कांग्रेस से कांटे के चुनाव में भाजपा ने निर्णायक बढ़त बना ली है। हालांकि हरियाणा के बारे में सभी एग्जिट पोल ने कांग्रेस की सरकार बनने के स्पष्ट अनुमान जाहिर किये थे,लेकिन चमत्कारिक तरीके से भाजपा ने बहुमत के लिये जरूरी आंकडे 46 से दो कदम और आगे बढ़ा लिये हैं। वहीं जम्मू कश्मीर में भाजपा पिछड़ गई है और कांग्रेस व नेशनल कांफ्रेस का गठबंधन सरकार बनाने की तरफ कदम बढा रहा है। हालांकि दोनो राज्यों में चुनाव में कई उलटफेर भी दिख रहे हैं, कई दिग्गज बार बार पिछड़ते नजर आ रहे हैं।

आज हरियाणा विधानसभा के लिए मंगलवार सुबह आठ बजे से हो रही काउंटिंग में शुरूआत में पोस्टल बैलेट में कांग्रेस को जबर्दस्त बढ़त दिखी थी और वह 90 में से 62 सीटों पर लीड ले रही थी लेकिन ईवीएम खुलते ही कुछ ही समय में बढ़त का सीन बदलने लगा। भाजपा के उम्मीदवार तेजी से कांग्रेस के समकक्ष पहुंचे और फिर आगे निकल गये। खास बात यह रही कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार ही सुबह ग्यारह बजे तक कांग्रेस को 40.50 फीसदी यानी कि 12 लाख 90 हजार 490 वोट मिल चुके थे और भाजपा को 38.70 फीसदी यानी 12 लाख 33 हजार 256 वोट मिले थे लेकिन कांग्रेस को कुल वोट ज्यादा लेकर भी सीटों के मामले में भाजपा से पीछे चल रही थी।

हरियाणा के राजनीतिक इतिहास में पहलीवार ऐसा हो रहा है कि किसी दल की लगातार तीसरीबार सरकार बनती दिख रही है। कांग्रेस को लग रहा झटका पार्टी के भीतर अचानक हुड्डा व शैलजा गुट के बीच उभरा संघर्ष भी माना जा रहा है। हालांकि हाईकमान ने दोनों नेताओं को साधने की पूरी कोशिश की थी।





### भोपाल में जलेबी फीकी पड़ीं !

भोपाल में आज शुरूआती रुझान देखकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेता जलेबी बनाकर बांटते रहे। मगर पार्टी के पीछे होते ही कांग्रेस नेता मायूस होने लगे। दरअसल हरियाणा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जलेबी को लेकर दिया बयान काफी चर्चित रहा था। इधर भाजपा प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा ने अपने एक्स हैंडल पर कांग्रेस नेताओं के जलेबी बनाने का एक वीडियो पोस्ट किया व लिखा... `अपने नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाती, खुद जीतू पटवारी की मध्य प्रदेश कांग्रेस! देश भर में राहुल गांधी का जलेबी की फैक्ट्री के बयान को लेकर मजाक बन रहा है और खुद कांग्रेसी भी मजाक उड़ाने में पीछे नहीं है।



### कांग्रेस ने आयोग पर उठाया सवाल

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हरियाणा में विस चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि लोकसभा नतीजों की तरह हरियाणा में भी चुनावी रुझानों को जानबूझकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर धीमे-धीमे शेयर किया जा रहा है। क्या भाजपा प्रशासन पर दबाव बनाने की चेष्टा कर रही है? उल्लेखनीय है कि कई सीटों पर हार जीत में अंतर एक हजार सीटों के आसपास चल रहा है।

### कश्मीर में कांग्रेस पड़ी भारी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के रुझानों में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने 52 सीटों के साथ बहुमत का आंकड़ा छू लिया है। भाजपा 27 और पीडीपी 4 सीटों पर आगे है। निर्दलीय और छोटी पार्टियां 11 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बडगाम और गांदरबल दोनों सीटों पर आगे हैं। तो पीडीपी की महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से पीछे चल रही हैं। भाजपा अ ध्यक्ष रैना भी पिछड रहे हैं। सोपोर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी और आतंकी अफजल गुरु के भाई एजाज गुरु की खूब चर्चा हुई थी, मगर आज वह पीछे चल रहे हैं। मतगणना के रुझानों पर जम्मू-कश्मीर भाजपा के सह-प्रभारी आशीष सूद ने कहा, लोगों का जो भी फैसला होगा, हम उसे स्वीकार करेंगे।

जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 3 फेज में 63.88% वोटिंग हुई थी। 10 साल पहले 2014 में हुए चुनाव में 65% वोटिंग हुई थी। इस बार 1.12% कम वोटिंग हुई। अक्टूबर को आए एग्जिट पोल में 5 सर्वे में NC-कांग्रेस की सरकार को बहुमत दिया था। जबकि 5 एग्जिट पोल में हंग असेंबली का अनुमान जताया था। छोटे दल और निर्दलीय विधायक किंगमेकर माने गये थे लेकिन अब तक की बढत ऐसे संकेत नहीं दे रहे। राज्य में तीनों फेज में मिलाकर 63.45 फीसदी वोटिंग हुई थी।

### दिग्गज फसे: विज और विनेश कभी आगे तो कभी पीछे

हरियाणा में भाजपा के कद्दावर नेता, कई बार मंत्री व सीएम के दावेदार 71 साल के अनिल विज लगातार चौथी बार अंबाला कैंट विधानसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी हैं मगर उनकी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वे दोपहर तक निर्दलीय प्रतियाशी चित्रा से ही 1199 वोटों से पीछे हो गये थे। जुलाना से विनेश फोगाट भी दो हजार वोटों से पीछे हो गई थीं। बाद में वे करीब छह हजार वोट से आगे हो गईं। सिरसा से गोपाल कांडा पीछे उचाना कलां से कभी आगे तो कभी पीछे और दुष्यंत चोटाला भी बहुत पीछे चल रहे थे।

| हरियाणा | |
|---|---|
| भाजपा | - 49 से आगे |
| कांग्रेस | - 35 पर |
| इनेलो | - 02 |
| अन्य | - 04 |

| जम्मू कश्मीर | |
|---|---|
| कांग्रेस/एनसी | - 52 |
| भाजपा | - 27 |
| पीडीपी | - 02 |
| अन्य | - 09 |

## गूगल को बड़ा झटका, एप स्टोर खोलने का निर्देश

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका की अदालत से दिग्गज तकनीकी कंपनी गूगल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल अदालत ने गूगल को अपना एंड्रॉयड स्मार्टफोन ऑपरेटिंग सिस्टम प्रतिद्वंदी एप स्टोर के लिए खोलने का आदेश जारी किया है। फोर्टनाइट बनाने वाले एपिक गेम्स ने गूगल के खिलाफ अदालत में विश्वास विरोधी मामला दायर कराया था। जिस पर कैलिफोर्निया की ज्यूरी ने माना कि गूगल अपने एंड्रॉयड प्ले स्टोर के जरिए एकाधिकार स्थापित करने की कोशिश कर रही है। ज्यूरी ने माना कि गूगल द्वारा विभिन्न रणनीतिक तरीकों से एंड्रॉयड फोन्स पर इसके एप स्टोर का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है इससे पहले अगस्त में ही एक अन्य मामले में भी गूगल को झटका लगा था, जब एक अन्य जज ने भी ये माना था कि गूगल एकाधिकार स्थापित कर रही है। गूगल को वर्जीनिया में भी ऑनलाइन विज्ञापन मामले में एक विश्वास विरोधी मामले का सामना करना पड़ रहा है।




## वायु सेना दिवस आज मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत में आज वायुसेना दिवस मनाया जा रहा है, ताकि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलों और उसके पायलटों को सम्मानित किया जा सके। इस मौके पर अलग-अलग जगहों पर वायुसेना विभिन्न कार्यक्रम कर जश्न मना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायुसेना दिवस पर जवानों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर वायु योद्धाओं को वायु सेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी वायु सेना उनके साहस और व्यावसायिकता के लिए प्रशंसित है। हमारे राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है।% वहीं चेन्नई में जश्न के दौरान एक जवान बेहोश हो गया। ज्ञात हो कि भारतीय वायु सेना अमेरिका, चीन और रूस के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वायु सेना है। इसकी आधिकारिक स्थापना 8 अक्तूबर, 1932 को हुई थी।



## मालदीव लौटने से पहले ताजमहल का दीदार करने रूके मुइज्जू



**आगरा , एजेंसी।**

ताजमहल का दीदार करने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद आगरा पहुंचेहैं। आगरा में खेरिया एयरपोर्ट पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे सीधे ताज पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। उन्होंने ताज का दीदार किया और यहां फोटोग्राफी भी कराई। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे शिल्पग्राम पहुंचें। वहां उन्हें प्रदेश की संस्कृति और धरोहर से अवगत कराने के लिए मयूर नृत्य और रास प्रदर्शित किया गया। ताजमहल भ्रमण के बाद एयरफोर्स स्टेशन के खेरिया टेक्निकल एयरपोर्ट से मालदीव के लिए रवाना होंगे। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करने का एक ऐतिहासिक पल होगा।

### सेंसेक्स लाल निशान पर खुला, फिर उछला

## नतीजों के साथ कदमताल करता दिखा शेयर बाजार



**मुंबई , एजेंसी।**

भारतीय शेयर बाजार में आज दो राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों का गहरा असर नजर आया और बाजार की चाल बदली-बदली नजर आती रही। आज रिजल्ट वाले दिन सेंसेक्स पहले गिरावट के साथ लाल निशान पर ओपन हुआ और कुछ ही देर में रफ्तार पकड़ते हुए 500 अंक से ज्यादा उछल गया। सेंसेक्स और निफ्टी की इस बदली-बदली चाल ने निवेशकों को भी हैरान कर दिया। दरअसल सेंसेक्स कल के बंद 81,050 की तुलना में 80,826.56 के लेवल पर ओपन हुआ था, करीब आधे घंटे के कारोबार के बाद ही ये गिरावट तेजी में तब्दील हो गई तथा सेंसेक्स करीब 310 अंकों की बढ़त लेकर 81,360.60 के स्तर पर कारोबार करने लगा। तब तक हरियाणा में भाजपा का प्रदर्शन भी सुधर चुका था। उधर निफ्टी भी सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर चला। वह बंद की तुलना में आज मामूली बढत से खुला और फिर कल के स्तर से आगे 24,874 पर कारोबार करने लगा।

चुनाव के नतीजों को लेकर निवेशकों में भी शुरूआत में संशय था। लेकिन जैसे जैसे दिन चढता गया 974 शेयर हरे निशान पर थे। जबकि 1380 कंपनियों के शेयरों ने गिरावट के साथ लाल निशान पर ओपनिंग की थी। इस बीच 144 शेयर ऐसे रहे, जिनकी स्थिति में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला।

## आजादी भीख में मिली.. कंगना को बयान पर हाइकोर्ट का नोटिस

**जबलपुर , एजेंसी।**



अभिनेत्री कंगना रनौत अपने बयानों को लेकर कई मुश्किलों में हैं। अब मप्र हाइकोर्ट के विशेष न्यायाधीश विश्वेश्वरी मिश्रा की एमपीएमएलए कोर्ट ने नोटिस देकर जवाब मांगा है। यह मामला 'देश को आजादी भीख में मिलने' संबंधी बयान को चुनौती से संबंधित है। इसमें परिवादी जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमित कुमार साहू ने अपना पक्ष स्वयं रखा व दलील दी कि यह परिवाद 2021 में दायर किया गया था। इससे पूर्व अधारताल थाने में लिखित शिकायत भी दी गई थी।जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो परिवाद दायर कर दिया गया। उनकी आपत्ति का मुख्य बिंदु यही है कि देश को आजादी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से मिली थी। उसके बावजूद अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने बयान में कहा था कि 1947 में आजादी भीख में दी गई थी। हमको असली आजादी 2014 में मिली है।

मेट्रो एंकर

### हमास के हमलों की बरसी पर इजरायल का मुंहतोड़ जवाब-

# 100 लड़ाकू विमानों से हिजबुल्लाह पर किया हमला

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

इजरायल ने हिज्बुल्लाह के 130 रॉकेट हमलों का जवाब अपने 100 लड़ाकू विमानों के साथ लेबनान में करीब 120 ठिकानों को निशाना बनाकर दिया। ये विमान करीब एक घंटे तक बम बरसाते रहे। आईडीएफ प्रवक्ता ने लेबनानी नागरिकों को अगली सूचना तक अवली नदी से दक्षिण की ओर समुद्र तट पर या नावों पर रहने से बचने की चेतावनी जारी की है। लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजरायली हमलों की यह लहर पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए हमलों की बरसी पर आई, जो इस क्षेत्र में एक साल से जारी युद्ध की शुरुआत का कारण बना था।




आईडीएफ ने यह भी घोषणा की कि उसने उत्तरी इजरायल में एक नया क्लोज्ड मिलिट्री जोन घोषित किया है। लेबनान में इजरायली ग्राउंड ऑपरेशन शुरू होने के बाद से यह चौथा क्लोज्ड मिलिट्री जोन है, जो मेडिटेरेनियन सी से पूर्व की ओर फैला है। ताजा हवाई हमलों के बारे में जानकारी देते हुए आईडीएफ ने एक बयान में कहा, %हमारे विमानों ने हिज्बुल्लाह की विभिन्न यूनिट्स को टारगेट करके हमले किए, जिनमें सदर्न फ्रंट की रीजनल यूनिट्स, रादवान फोर्सेज, मिसाइल और रॉकेट फोर्स और इंटेलिजेंस यूनिट शामिल थे।

दरअसल, हिजबुल्ला ने गाजा संघर्ष की पहली वर्षगांठ के मौके पर मध्य इस्राइल के कई शहरों को निशाना बनाते हुए मिसाइल हमले किए थे। इससे आगबबूला इजरायल ने बेरूत के आसमान में जबर्दस्त विस्फोट किया।फिर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर कई हमलों की आवाजें भी सुनी गईं। विस्फोट इस्राइली सेना के निर्देश के बाद हुआ।

### हिजबुल्ला के एक और कमांडर की मौत

वहीं, अब आईडीएफ ने दावा किया है कि बेरूत में हुए हवाई हमले के दौरान हिज़्बुल्ला की रसद इकाई के प्रमुख सुहैल हुसैन हुसैनी की मौत हो गई । सेना ने आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के मुख्यालय के प्रमुख सोहिल हुसैन हुसैनी को मार डाला। आईडीएफ ने कहा है कि इंटेलिजेंस डिवीजन के सटीक निर्देश के तहत इस्राइली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने बेरूत क्षेत्र को निशाना बनाया और हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन के मुख्यालय के प्रमुख को मार डाला। ज्ञात हो कि 3 अक्तूबर को फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के तीन शीर्ष नेताओं की हत्या की भी घोषणा की थी, जिसमें उनके गाजा सरकार के प्रमुख रावी मुश्तहा भी शामिल थे। आईडीएफ ने जानकारी दी थी कि उत्तरी गाजा में एक भूमिगत परिसर पर हमले में रावी मुश्तहा और दो अन्य हमास कमांडर, समेह सिराज और समेह औदेह मारे गए।

# डेंगू का डंक : मरीजों की तेजी से गिर रहीं प्लेटलेट्स




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में बारिश के लंबे दौर के बाद अब तेज धूप खिल रही है और डेंगू के मच्छर कम होने के आसार भी बनने लगे हैं। हालांकि हाल के दिनों तक दिन प्रतिदिन डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती ही देखी गई है। ऐसे में लोगों को सचेत रहने की जरूरत पर स्वास्थ्य महकमा लगातार जोर दे रहा है। शहर में बीते चार पांच दिन में डेंगू के 31 और चिकनगुनिया के 11 नए मरीज मिले हैं। जिसके साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या 376 और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या 120 पहुंच गई है। हालांकि डेंगू मलेरिया के मचछरों पर नियंत्रण के लिये लार्वा सर्वे और फॉगिंग को लेकर मलेरिया विभाग पर बीते सालों से लगातार लापरवाही के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी इलाकों में लार्वा सर्वे और फॉगिंग का काम हो रहा है। इस बीमारी के फैलने की वजह यह भी मानी जा रही है कि कई इलाकों में अब तक बारिश का पानी या कीचड़ जमा है,इसके चलते भी समस्या बनी हुई है।

### इन बातों का रखें ध्यान

मच्छरों को दूर रखने के लिए मच्छर भगाने वाले क्रीम और स्प्रे, मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। बाहर जाते समय लंबी बाजू की शर्ट और पेंट पहनें। पानी को घर के पास एकत्रित न होने दें। कूलर, गमले, पक्षियों के लिए रखे बर्तन का पानी बार-बार बदलते रहें।



**दहन के लिए तैयार दशानन .....**टीटी नगर दशहरा मैदान में तैयार हुए रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले दशहरे पर दहन होंगे। मुर्तिकार सुरेश साहू ने बताया कई वर्षों से दशहरे के पहले से इन पूतलो को तैयार करने का काम शुरू होता है हमारे पिताजी कुंजीलाल साहू पहले यह काम करते थे इसके बाद हम लड़के यह काम संभाल रहे है और कई दशहरा मैदानो के रावण तैयार हो रहे हैं । -फोटो निर्मल व्यास

## मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के पांच मामलों में लिया संज्ञान

# पटाखा मार्केट में सुरक्षा इंतजाम नहीं कलेक्टर-ननि आयुक्त करेंगे जांच

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर में पटाखा मार्केट में सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के मामले में मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर, एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही भोपाल शहर के समस्त पटाखा दुकानों के नियमानुसार संचालन, आवश्यक सुरक्षा उपायों की कार्यवाही अवस्था में उपलब्धता तथा आकस्मिक दुर्घटना एवं जन सुरक्षा के लिये की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन सात दिनों में मांगा है।



बताया जाता है कि आयोग के संज्ञान में आया है कि, आगामी दिवाली एवं अन्य आयोजन को देखते हुये पटाखा मार्केट में बडे स्तर पर पटाखों का क्रय-विक्रय हो रहा है। पटाखा मार्केट में न ही फायर बिग्रेड खड़ी हो रही है और न ही दुकानों पर अग्निशामक यंत्रों के पर्याप्त बंदोबस्त किये गये है। मार्केट में आकस्मिक दुर्घटना/हादसा होने पर वहां आने वाले लोगों के लिये कोई कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। इस कारण मार्केट में आने वाले ग्राहकों, दुकानदारों एवं आसपास क्षेत्र के अन्य आम नागरिकों की जान का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा आयोग ने भोपाल जिले के पांच मामलों में संज्ञान लिया है।

### अधिकांश दुकानों में एसिड बिक्री

भोपाल शहर में एसिड की बिक्री नियम विरुद्ध होने के बावजूद राजधानी की अधिकांश दुकानों में एसिड विक्रय हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शहर में एसिड बेचने का लाइसेंस सिर्फ 60 दुकानदारों के पास है, इसके बावजूद लगभग दो हजार से ज्यादा दुकानों में एसिड बिक्री हो रही है। मामले में आयोग ने कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर तथा नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा के लिये की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### युवक को अगवा की मारपीट

शहर में कुछ बदमाशों द्वारा एक युवक को गौतम नगर थाने के सामने से अगवा कर सेमरा की एक फैक्ट्री में ले जाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित युवक आरोपित बदमाशों के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत करने गया, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा है।

# अनुसंधान के लिए स्वयं का आकलन और फ्रेम वर्क जरूरी : डॉ. पारवानी



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, अनलॉकिंग रिसर्च पोटेंशियल मेथडोलॉजी एंड केस स्टडी विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अनुज हुंडेत, प्रोफेसर, भौतिक विभाग, आई.क्यू.एस.सी. समन्वयक एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल एवं डॉ. रविंद्र पाठक प्रोफेसर एवं डीन, वाणिज्य विभाग, रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल उपस्थित थे।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि मेरे अध्ययन एवं अनुसंधान यात्रा के दौरान मैंने पाया कि अनुसंधान के लिए स्वयं का आकलन और फ्रेम वर्क बहुत आवश्यक है। सभी विषय अलग-अलग होते हुए भी अनुसंधान की प्रारंभिक जानकारी होना जरूरी है। सेमिनार के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. अनुज हुंडेत ने वास्तविक दुनिया में अनुसंधान का अनुप्रयोगः सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को पाटना विषय पर कुछ छोटे-छोटे महत्वपूर्ण रिसर्च का उदाहरण देते हुए पीएचडी, रिसर्च और एक्शन रिसर्च के बारे में समझाया। आपने अनुसंधान के व्यवहारिक और सिद्धांतिक पक्ष को समझाया। सेमिनार के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता डॉ रविंद्र पाठक ने केस स्टडी की शक्ति को पहचाननाः चुनौतियों और अवसरों को बदलना विषय पर बोलते हुए कहा कि केस स्टडी, विभिन्न चुनौतियों को उजागर करने के साथ उन्हें अवसर में बदलने का रास्ता भी दिखाती है। आपने शोधविधि, समस्यायों का समाधान, डेटा संग्रहण नैतिक विचार एवं विश्लेषण को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में डा. माधवी गौड़ ने सेमिनार की रिपोर्ट का वाचन किया एवं डॉ. नेहा गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया। सेमिनार में विभिन्न महाविद्यालयों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

# दिवाली और छठ पर लंबी वेटिंग, रेलवे चलाने जा रहा दर्जनभर स्पेशल ट्रेन



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

दिवाली-छठ पूजा पर स्पेशल ट्रेनों में भी नो रूम के हालात हैं। भोपाल, आरकेएमपी से दो दर्जन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। यूपी से महाराष्ट्र के रास्ते भोपाल होकर गुजरने वाली करीब 22 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों की सुविधा मिल सकेगी। रेलवे ने 100 से ज्यादा ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या भी बढ़ा रही है, ताकि मुसाफिरों को सुविधा मिल सके।

### इन रूट की गाडियों में जगह नहीं

- 20845- बिलासपुर बीकानेर सुपर फास्ट एक्सप्रेस
- 22613 अनुवर्त सुपरफास्ट एक्सप्रेस
- 22534- गोरखपुर एक्सप्रेस
- 22538- कुशीनगर एक्सप्रेस
- 15068- मुंबई गोरखपुर एक्सप्रेस
- 12137-पंजाब मेल
- 12649- संपर्क क्रांति एक्सप्रेस
- 12155-भोपाल एक्सप्रेस
- 19321-इंदौर राजेंद्र नगर एक्सप्रेस
- 01665-हबीबगंज-अगरतला स्पेशल एक्सप्रेस
- 22911 - शिप्रा एक्सप्रेस

## अतिवर्षा से प्रभावित किसानों से मिले विधायक



**हिरदाराम नगर।** अति वर्षा की वजह से सोयाबीन सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है आज रातीबड़ रोड एवं सीहोर रोड के अनेक किसानो ने युवा सदन पहुँचकर विधायक रामेश्वर शर्मा से भेंट की। जिस पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कलेक्टर भोपाल कोशलेंद्र विक्रम सिंह से परीक्षण को लेकर चर्चा हुई। चर्चा के बाद भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया मुंडला गांव पहुंचे और उन्होंने यहां पर चौपाल में बैठकर ग्रामीणों से फसल सहित अन्य समस्याओं पर खुलकर चर्चा की।

**मेट्रो एंकर**

## सेवासदन में राष्ट्रीय कार्यशाला कार्निया डायग्नोस्टिक पर हुई चर्चा

# कार्निया के उपचार में अत्याधुनिक उपकरणों की बड़ी भूमिका : सुष्मिता

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

प्रयोगशाला कनेक्ट कार्यक्रम अंतर्गत ऑल इण्डिया ऑप्थाल्मिक सोसायटी के सहयोग से रविवार को कार्निया डायग्नोस्टिक-2024 विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । यह कार्यशाला भोपाल संभाग ऑप्थाल्मिक सोसायटी के सहयोग से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में आयोजित की गई । इसमें भोपाल के प्रेक्टिसंग और नवोदित 72 नेत्र रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया ।

आइ लाइफ हॉस्पिटल, मुम्बई की कार्निया और रेफ्रेक्टिव सर्जन डॉ. सुष्मिता शाह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। डॉ. शाह ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में कार्निया के उपचार में अत्याधुनिक उपकरणों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने बताया कि नये उपकरणों यथा एन्टीरियर सेगमेंट ओसीटी, साइरस टोपोग्राफी स्पैक्युलर माइक्रोस्कोपी जैसे नये उपकरणों की सहायता से



कार्निया का अचूक इलाज होने लगा है । डॉ सुष्मिता ने कॉर्नियल अल्सर और शुष्क आंखों के निदान और इलाज में माइक्रोबाइलोजीकल एसेसमेंट विधि से अचूक इलाज करने के तरीके बतायें। डॉ सुष्मिता का यह व्याख्यान प्रेक्टिसिंग और नवोदित नेत्र रोग विशेषज्ञों के लिये अत्यंत लाभदायी था ।

### यह मौजूद रहे

कार्यशाला में कार्निया विशेषज्ञ डॉ. शुभा राय, भोपाल संभाग ऑप्थाल्मिक सोसायटी के पदाधिकारीगण डॉ. वसुधा दामले, डॉ. गजेन्द्र चावला, डॉ. स्वर्णा बिसारिया, डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. के.एल. गुप्ता, डॉ. विजय निचलानी सेवा सदन के ट्रस्टीगण महेश दयारामानी, हीरो ज्ञानचंदानी, सुरेश आवतरामानी और तुलसी आडवानी और ऑप्टोमेट्रिस्ट्स मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### नवाचार की जानकारी मिली

डॉ. प्रेरणा उपाध्याय ने कार्यशाला में उपस्थित अतिथि विशेषज्ञों का स्वागत किया तथा ऑल इण्डिया ऑप्थाल्मिक सोसायटी द्वारा कार्यशाला आयोजन के लिये सेवा सदन का चयन करने पर आभार जताया। डॉ. प्रेरणा ने कहा कि कार्यशाला के आयोजन से नेत्र रोग विशेषज्ञों को व्यावसायिक कौशल वृद्धि और कार्निया उपचार में अपनाये जाने वाले नवाचारों की जानकारी मिल सकेगी।

### जल्द नए भवन में होगा सेवासदन

मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने जानकारी दी कि बहुत ही जल्द सेवा सदन अस्पताल एयर पोर्ट रोड पर निर्माणाधीन नये अस्पताल भवन में शिफ्ट हो जायेगा। यह अतिरिक्त सुविधा मिलने पर सेवा सदन को अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी ढंग से आम आदमी की सेवा करने में सुविधा होगी। कार्यशाला का संचालन डॉ. शुभा राय ने किया । आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्रबंधक कुशल धर्मानी ने किया । अस्पताल पदाधिकारी भारती जनियानी और अनुषा तिवारी भी उपस्थित थे।

# अपेक्स बैंक का विशेष ऋण महोत्सव आज से

**भोपाल।** अपेक्स बैंक की सभी शाखाओं द्वारा विशेष ऋण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वितरित किये जाने वाले विभिन्न व्यक्तिगत ऋणों पर ब्याज की दरों में 0.50 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ ग्राहकों को दिया जायेगा। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में दशहरा एवं दीपावली के शुभ-अवसर पर 8 अक्टूबर से 6 नवंबर तक ग्राहक इसका लाभ ले सकते हैं। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता ने सभी शाखा प्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। इसमें आवास ऋण, पर्सलन लोन, वाहन लोन, अचल सम्पत्ति के बंधक पर ऋण, लोडिंग ऑटो ऋण, रूफटॉप सोलर ऋण सहित अन्य ऋणों पर .50 प्रतिशत विशेष छूट का लाभ ग्राहकों को मिलेगा।

# उच्च शिक्षाः इस बार यूजी-पीजी की 5 लाख सीटें रह गई खाली, छात्रों के मुकाबले छात्राएं प्रवेश में रहीं आगे

**कला संकाय में 80 हजार छात्राएं व 56 हजार छात्रों और विज्ञान में 57 हजार छात्राएं व 30 हजार छात्रों ने लिए प्रवेश**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित प्रदेश के कॉलेजों की यूजी-पीजी की सीटों पर प्रवेश के लिए प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हालांकि इस बार पांच लाख से अधिक सीटें खाली रह गई हैं। प्रदेश के 1323 कॉलेज में करीब 10.39 लाख सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया हुई। इसमें यूजी में 8.25 लाख में से 3.85 लाख और पीजी में 2.13 लाख सीटों में से 79 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। कला, कॉमर्स, विज्ञान या विधि संकाय में छात्रों के मुकाबले छात्राएं अधिक प्रवेश ले रही हैं। यूजी में कला संकाय में 80 हजार छात्राएं व 56 हजार छात्रों ने प्रवेश लिया है। वहीं विज्ञान में 57 हजार छात्राएं व 30 हजार छात्रों ने प्रवेश लिया है। इसके अलावा कॉमर्स को 28 हजार छात्राएं और 27 हजार छात्रों ने चुना है।वहीं गृह विज्ञान में 371 छात्राएं और इसमें एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया है।

### कला संकाय में सबसे अधिक 1.37 लाख प्रवेश

जानकारी के अनुसार, इस साल कला संकाय में सबसे अधिक 1.37 लाख प्रवेश हुए है। यूजी में 66 हजार विद्यार्थियों ने समाजशास्त्र, 45 हजार राजनीति विज्ञान विषय को चुना है। इसके बाद विज्ञान संकाय में सबसे ज्यादा 44 हजार विद्यार्थियों ने रसायन शास्त्र को लिया है। वहीं भाषा विषयों में उर्दू में 29 हजार, हिंदी में 20 हजार, अंग्रेजी में 1700 और सबसे कम संस्कृत में 872 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इसके बाद कॉमर्स संकाय में 88 हजार और विज्ञान संकाय में 55 हजार ने प्रवेश लिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कला संकाय के विद्यार्थी बेहतर कर रहे हैं।



# नक्सल प्रभावित जिलों में अब बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य पर होगा फोकस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश में बीते वर्षों में नक्सलवाद पर तेज प्रहार किए हैं जिसका नतीजा यह रहा कि पिछले कई वर्षों से नक्सलवाद खड़ा नहीं हो पाया है। इसे समूल नष्ट करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री के साथ सोमवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्य के नए मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच चर्चा हुई। जिसमें इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी में जहां-जहां नक्सलवाद की स्थिति निर्मित होती रही है उसे खत्म करने के लिए नए सिरे से कार्यवाही की जाए।

लोगों को विश्वास में लिया जाए और नक्सलवाद को खात्मे के लिए मजबूर कर दे। राज्य अपने स्तर पर इसके लिए जितने प्रयास कर सके वह नए सिरे से करें। केंद्र की यदि मदद चाहिए तो उसके लिए समन्वय करें, पूरी मदद उपलब्ध कराई जाएगी। यह भी चर्चा हुई की नक्सलवाद प्रभावित बालाघाट, मंडला और डिंडोरी के उन क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल टावर, लोक परिवहन और स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाई जाए, जहां नक्सलवाद की गुंजाइश है। ऐसा करने से लोग विकास की मुख्य धारा में जुड़ेंगे और नक्सलवाद स्वत कमजोर होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को मध्य प्रदेश में नक्सलवाद पर किए गए ऑपरेशन और पिछली कार्रवाई का ब्यौरा दिया गया। जिसमें बताया गया कि पिछले 5 वर्षों में मध्य प्रदेश में 20 हार्डकोर नक्सलवादियों का खात्मा किया है। कार्रवाई निरंतर जारी है, नक्सलवादी गतिविधियों के लिए उपयोग की जाने वाली संवेदनशील सामग्रियों की जब्ती को तेज कर दिया है।




### 35 साल पहले मप्र में दिखा था असर

नक्सल गतिविधियां सर्वप्रथम वर्ष 1990 में बालाघाट दिखी थीं अभी बालाघाट, मंडला तथा डिंडोरी नक्सल प्रभावित है जिनमें बालाघाट अति नक्सल प्रभावित है। नक्सलियों द्वारा 1991 में लांजी थाना क्षेत्र में पुलिस वाहन को माईन्स ब्लास्ट से उड़ाया था, जिसमें 9 पुलिसकर्मी शहीद हुए थे । दूसरी बड़ी घटना बालाघाट के रूपझर थाना के ग्राम नारंगी क्षेत्र में की थी जिसमें माईन्स विस्फोट के द्वारा पुलिस वाहन को उड़ाया, इस घटना में 16 पुलिसकर्मी शहीद हुए थे । 1999 में प्रदेश के तत्कालीन परिवहन मंत्री लिखिराम कांवरे की हत्या की थी । नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए वर्ष 2000 में विशिष्ट बल 卐हॉक फोर्स卐 का गठन किया गया । विगत 05 वर्षों के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा विभिन्न मुठभेडों में 20 हार्डकोर नक्सलियों को मारा गया है जिन पर घोषित संयुक्त इनाम 3.31 करोड था। इसी दौरान मुठभेडों में 06 नक्सली गिरफ्तार भी किए गए जिन पर घोषित संयुक्त ईनाम 85 लाख था । विगत 8 माह में 3 मुठभेड़ में 4 नक्सली मारे गए है तथा 01 महिला नक्सली गिरफ्तार हुई है।

समीक्षा बैठक में वामपंथी उग्रवाद के वर्तमान स्वरूप तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों की सुरक्षा और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री शाह ने राज्यों के साथ वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध सघन अभियान, हिंसक घटनाओं की सघन जांच और अभियोजन, राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय और राज्यों की इंटेलिजेंस क्षमता निर्माण जैसे सुरक्षा मुद्दों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नक्सलवाद व वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध केंद्र और राज्य सरकारों का समन्वय निश्चित रूप से इसे जड़ से समाप्त करने के प्रयासों को बल प्रदान करेगा।

**ठोस नीति, समन्वय व प्रशिक्षण की दरकार**

# ड्रोन के लिए नीतियों व समन्वय की ऊंची उड़ान की जरूरत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कई सरकारी उपक्रमों ने मध्यप्रदेश में लगभग चार सौ ड्रोन महिला स्वयं सहायता समूहों , व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत लघु सीमांत,महिला ,अजाजजा कृषकों आदि को दे तो दिए हैं लेकिन स्थिति यह है कि महिला व अन्य समूहों को विधिवत रूप ओरिएंटेशन नहीं हुआ इस कारण वे बहुत अच्छा काम नहीं कर पा रहे। इन हालातों में अब ड्रोन के लिये राज्य में समग्र नीति की जरूरत महसूस की जाने लगी है। वहीं ड्रोन दीदियों और ड्रोन संचालकों ने भी केंद्र व राज्य सरकार के प्रोत्साहन की जरूरत बताई है। ड्रोन के लिए अलग से उपक्रम य बोर्ड बनाने की जरूरत व मांग साथ में उभरने लगी हैं। एक अनुमान के मुताबिक यदि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री के नैनो यूरिया के उपयोग अभियान को ही अमल में लाया गया तो राज्य में लगभग 25 हजार ड्रोन की जरूरत होगी।



इस वक्त सरकार की योजना के तहत ड्रोन दीदी अभी काम तो कर रहीं हैं लेकिन उन्हें परेशानी भी बहुत है,इसमें सबसे बडी है जैसे बैटरी की समस्या। कुछ को ड्रोन ले जाने में दिक्कत आती है वे इसके लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल चाहती हैं। हाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कहा है कि ड्रोन दीदीयों को पांच -पांच बैटरी दी जाएंगी। वहीं एमपीपोस्ट के मुताबिक ड्रोन दीदियों और ड्रोन संचालकों ने कहा है कि स्टार्टअप की ही तरह सरकारी योजनाओं का लाभ व सुविधाएं उपलब्ध ड्रोन संचालकों को भी मिलना चाहिए। ड्रोन के लिए अलग से उपक्रम या बोर्ड बनाया जाए जो समग्र रूप से ड्रोन दीदियों और ड्रोन संचालकों के विकास के लिए काम करे।

## एआईसीटीई के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीयन 8 तक

**भोपाल।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय ( डीटीई ) द्वारा एआईसीटीई ( अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ) द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रक्रिया चलाई जा रही है। वर्तमान में कॉलेज लेवल काउंसलिंग ( सीएलसी ) की प्रक्रिया 8 अक्टूबर तक जारी है। इस दौरान इंजीनियरिंग डिप्लोमा, बीई-बीटेक, लेटरल एंट्री, आईटीआई से डिप्लोमा, एमई-एमटेक, एमबीए, एमसीए, एम प्लानिंग, बी डिजाइन, बीएचएमसीटी ( बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी ) आदि पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन होंगे। इस काउंसलिंग के बाद रिक्त रह गई सीटों के लिए 9 से 16 अक्टूबर तक पंजीयन होंगे। इस काउंसलिंग के बाद भी जो सीटें खाली रह जाएंगी। उसके लिए 17 से 23 अक्टूबर तक काउंसलिंग का एक और चरण चलेगा।

## प्रमोशन एसीएस बनाए गए नीरज मंडलोई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई को सरकार ने पदोन्नत कर अपर मुख्य सचिव बनाया है। मंडलोई आइएएस 1993 बैच के अधिकारी हैं। राज्य में अब कार्यरत 13 अपर मुख्य सचिव हो जाएंगे। इनमें एसीएस स्तर के दो अधिकारी विनोद कुमार व जेएन कंसोटिया मंत्रालय से बाहर हैं। हाल ही में वरिष्ठ आइएएस संजय दुबे को पदोन्नति मिली थी। अगली बार वरिष्ठता के आधार पर उच्च शिक्षा पीएस अनुपम राजन को पदोन्नत किया जाएगा।

## ‘समाज को जानना जरूरी कि कानून क्या हैं और अधिकार क्या?’

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



पूर्व पुलिस अधिकारी और पूर्व सीएम कांग्रेस नेता कमलनाथ के सहायक रहे प्रवीण कक्कड़ की बहुप्रचारित पुस्तक ‘दंड से न्याय तक’ का विमोचन पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक एसके दास, सीबीआई के स्पेशल प्रॉसिक्यूटर मनोज द्विवेदी एवं साहित्यकार पंकज सुबीर के हाथों संपन्न हुआ। विमाचन समारोह में पुलिस, पत्रकार, साहित्यकार और इंदौर समेत कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस मौके पर दास ने कहा कि समाज को यह जानना जरूरी है कि कानून क्या है उनके अधिकार क्या है और अपने अधिकारों का उपयोग कैसे कर सकते हैं। यह पुस्तक बहुत ही सही अवसर पर आई है। आज कानून में परिवर्तन को समझने की पूरे समाज को जरूरत है। द्विवेदी ने कहा कि कानून आमजन को सोशल जस्टिस दिलाने के लिए है। इसी पहल को लेकर नया कानून आया है। व्यक्ति कानून का जानकार रहेगा तो अपराध कम होंगे। इस विषय पर अब तक कोई पुस्तक नहीं आई है। पुस्तक के लेखक कक्कड़ ने पुस्तक को अपनी मां स्वर्गीय विद्यादेवी कक्कड़ को समर्पित करते हुए कहा कि मेरा जीवन पुस्तकालय से शुरू हुआ था फिर पुलिस मुख्यालय, सचिवालय व मंत्रालय से होता हुआ फिर पुस्तकालय तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस के नये कानून ‘भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता’ और पुराने क़ानून ‘भारतीय दंड संहिता’ के बीच के बदलाव को मैने बेहद सरल भाषा में अंकित किया है। इसके साथ ही दुनिया की बेस्ट पुलिसिंग सिस्टम और पुलिस सुधार के विभिन्न प्रयासों का भी उल्लेख है।

**मेट्रो एंकर** — **तीन बड़े मुद्दों पर सरकार के रवैये से नाराजी**

# फिर नई लड़ाई के लिए तैयार हो रहे पेंशनर्स

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र सरकार के पेंशनर्स इन दिनों न सिर्फ परेशान हैं बल्कि आंदोलित भी हो रहे हैं। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने हाल में कुछ नयी तैयारियां भी की हैं। अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा का कहना है कि पेंशनरों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को समस्या से अवगत कराने कई बार समय मांगा गया समय नहीं देने के कारण पेंशनरों में घोर निराशा है।



इधर, एसोसिएशन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी एवं प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने आरोप लगाया कि सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय पूरे देश पर लागू होता है इसके बावजूद प्रदेश का वित्त विभाग प्रदेश के वृद्ध पेंशनरों को न्यायालय से व्यक्तिगत आदेश लाने को मजबूर कर रहा है। मामला चाहे जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का हो या 80 वर्ष की आयु में प्रवेश की दिनांक से 20त्न अतिरिक्त पेंशन देने का हो, इनमें सर्वोच्च न्यायालय ने शासन की एसएलपी को खारिज कर दिया है। सक्सेना के अनुसार पेंशन सारांशीकरण की अवधि 10 वर्ष 8 माह पूर्ण होने पर माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय सहित केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण जयपुर एवं दिल्ली द्वारा आगामी वसूली पर रोक लगा दी है, पर प्रदेश सरकार मौन है।

बताया जाता है कि उपेक्षा से त्रस्त होकर संगठन ने तीन प्रकरण उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत किए है जिसमें 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति शासकीय सेवकों को 1 जुलाई एवं 1 जनवरी से वेतन वृद्धि का लाभ देने के संबंध में है दूसरा प्रकरण छठवें वेतनमान की वेतन विसंगति का है जिसमें भारत सरकार ने संशोधन करते हुए जिन कर्मचारियों की वेतन वृद्धि 2005 में 1 जनवरी से 1 जुलाई के बीच होती थी उन सभी को 1 जनवरी 6 को एक वेतन वृद्धि का लाभ देकर छठवें वेतनमान में वेतन निर्धारण करना था तथा वार्षिक वेतन वृद्धि जो जुलाई 06 को दी जानी थी वह भी मुख्य सचिव के अनुमोदन के उपरांत भी बारह साल में नहीं दी गई। इसी तरह मप्र पेंशनरों को महंगाई राहत देने से पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति आवश्यक नहीं होने के बावजूद भी मप्र सरकार का रवैया नहीं बदल रहा है।



संपादकीय

# नक्सल समस्या व निर्णायक जंग

समय पर कुछ अंतराल के बाद नक्सलवादियों के खात्मे के लिए जब आपरेशन्स चलते हैं तो लगता है कि यह निर्णायक लडाई है और ग्रामीण अंचलों को इनकी दहशत से मुक्ति मिलेगी तथा नक्सवादियों का खात्मा हो सकेगा। हाल में छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में नक्सली विद्रोहियों के खिलाफ एक बडा मिशन कामयाब हुआ है। यहां लंबे समय से सुरक्षा बलों का अभियान जारी है, मगर थोड़े-थोड़े अंतराल पर घात लगा कर हमला करने और उसमें जवानों की मौत की घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि इस बीच सुरक्षा बलों ने काफी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है या फिर उन्हें कानून के शिकंजे में लिया है। शुक्रवार को ही सुरक्षा बलों के संयुक्त दल को एक अहम कामयाबी तब मिली जब उसने अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में हुई मुठभेड़ में 30 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया। हालांकि इससे पहले नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके बाद उनके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई। इस घटना में एक खास पहलू यह भी है कि मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित रहे। इसके बाद घटनास्थल पर एके-47 और एसएलआर राइफलों सहित भारी मात्रा में घातक हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। इससे पहले अप्रैल में हुई एक मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। पिछले कुछ महीने में सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में माओवादी हमलों को नाकाम कर दिया और कई नक्सलियों को मार गिराया। अबूझमाड़ के जंगलों में ताजा मुठभेड़ में एक पहलू यह भी है कि घटनास्थल से घातक हथियार बरामद किए गए। हालांकि माओवादी समूहों के पास इतने बड़े पैमाने पर घातक हथियारों का होना कोई हैरानी की बात नहीं है, लेकिन सवाल है कि जब छत्तीसगढ़ में जंगली इलाके के बाहर निगरानी और सुरक्षा का घेरा सख्त है, तब माओवादी समूहों के पास इतनी बड़ी तादाद में घातक हथियार कैसे पहुंच जाते हैं! जो भी हो, सुरक्षा बलों की विशेष टुकड़ियों ने नक्सली हमलों का सफलता से सामना किया है और उन्हें कमजोर करने के प्रयास जारी है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नक्सलवाद की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए इन समूहों के हिंसक हमलों का सामना करने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी जनकल्याण के लिए नीतिगत और जमीनी स्तर पर ठोस पहल करने की जरूरत है, ताकि ऐसे संगठनों को अभाव से जूझती आबादी के बीच पांव जमाने से दूर किया जा सके। इसके लिये ही कल दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बडी बैठक भी बुलाई थी, जिसमें छत्तीसगढ के सीएम व मप्र के सीएम समेत अन्य राज्यों के सीएम व अफसर मौजूद रहे। इसमें भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों के साथ ही अधोसंरचना निर्माण को बढावे की बात हुई,स्कूल अस्पताल आदि की बहुतायत पर चर्चा की गई है। हालांकि कई सालों से यह कवायद जारी है, ताकि नक्स?ल पीडित इलाकों को मुख्यधारा से जोडा जा सके और ग्रामीणों का नक्सलियों के प्रति यदि कोई साफ्ट कार्नर है तो भी इसे दूर किया जा सके। माना जाता है कि विकास न होने पर बेबसी से ही यह समस्या जन्मी है लेकिन इसका विस्तार पांच दशक में होता गया तो यह कहीं न कहीं सरकारी एजेंसियों के लिये भी सबक की तरह होना चाहिये थे, लेकिन आज भी यदि इस समस्या को स्थाई रूप से निपटाने की ?कोशिश हो रही है तो माना जाना चाहिए कि यह निर्णायक ही होगी।

मेरी रुचि सत्ता के कब्जे में नहीं, बल्कि लोगों द्वारा सत्ता के नियंत्रण में है।

–जयप्रकाश नारायण

## आज का इतिहास

- 1826-हिन्दी साहित्य के इतिहास से जुड़े सुप्रसिद्ध साहित्यकार राजा लक्ष्मण सिंह का जन्म हुआ।
- 1876-पहली बार टेलीफोन पर तार के जरिए दो तरफा बातचीत हुई थी। इसके बाद 1947 में चलती हुई कार और विमान में बैठे दो लोगों ने बातचीत की थी।
- 1945-प्रसिद्ध सरोद वादक अमजद अली खां का जन्म हुआ।
- 1962-अफ्रीकी देश युगांडा गणतंत्र बना।
- 1967-अर्जेंटीना के प्रसिद्ध मार्क्सवादी क्रांतिकारी चे ग्वेरा की हत्या।
- 1997-इटली के अभिनेता और लेखक डारियो फो को साहित्य का नोबल पुरस्कार दिया गया।
- 1998-पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने इस्लामी शरीयत कानून को देश के सर्वोच्च कानून के रूप में अनुमोदित किया।
- 2002-वर्ष 2002 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के रैमण्ड डेविस और जापान के कोषिबा को संयुक्त रूप से देने की घोषणा की गई।
- 2005-यूरोपीय उपग्रह 'क्रायोसेट' का प्रक्षेपण विफल।
- 2006-गूगल ने यू-ट्यूब के अधिग्रहण की घोषणा की थी।
- 2006-भारतीय राजनेता कांशीराम का निधन।
- 2007-चीन ने भारत पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया।
- 2008-केन्द्र सरकार ने तेल को माफिया से बचाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई।
- 2012-लड़कियों की शिक्षा के प्रचार में अहम भूमिका अदा करने वाली मलाला को स्कूल जाते समय तालिबान ने गोली मारी।

## निशाना

### ना कांपे जुबान !



- कृष्णेन्द्र राय

फायदे की खातिर ।
देते गलत बयान ।।
करके ऐसा उनकी ।
ना कांपे जुबान ।।
हैं जनता के सेवक ।
पर कैसा संदेश ?
उछल उछल कर खूब ।
दे रहे उपदेश ।।
है लगाम ज़रूरी ।
स्वाद भी चखाना ।।
आया कैसा काल ।
कब लेंगे हर्ज़ाना ।।
बार-बार ये इस तरह ।
क्यों रहे कुरेद ?
रहता दिल में काला ।
पहने पर सफ़ेद ।।

# राहुल गाँधी की अमरीका में टिप्पणियां: सच या दुर्भावना

■ राम पुनियानी

अमरीका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान राहुल गांधी (आरजी) ने लोगों के साथ कई बार बातचीत की. ऐसी ही एक बैठक के दौरान उन्होंने दर्शकों के बीच बैठे एक सिक्ख से उसका नाम पूछा. वे भारतीय राजनीति के दो ध्रुवों की चर्चा कर रहे थे और भारत में संकीर्ण कट्टरपंथी राजनीति के ज्यादा प्रबल और आक्रामक होने की ओर बात कह रहे थे. उन्होंने उन सज्जन की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि भारत में ÷संघर्ष इस मुद्दे पर है कि उन्हें सिक्ख होने के नाते, पगड़ी पहनने दी जाएगी या नहीं, या कड़ा पहनने की इजाजत होगी या नहीं. या वे एक सिक्ख के रूप में गुरूद्वारे जा पाएंगे या नहीं. लड़ाई इसी बात की है. और यह मुद्दा सिर्फ उन तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी धर्मों के लिए प्रासंगिक है।



यह स्पष्ट है कि सिक्खों का उदाहरण दिया जाना केवल एक संयोग था और उनका इशारा भारत में अल्पसंख्यकों को आतंकित करने की व्यापक प्रवृत्ति की ओर था. भाजपा के कुछ सिक्ख और अन्य नेताओं ने आरजी पर हमला किया और हमेशा की तरह उन पर राष्ट्रविरोधी, विभाजक होने सहित कई अन्य आरोप लगाए. इन आलोचनाओं में सांस्कृतिक अधिकारों और समाज के भिन्न-भिन्न तबकों के भिन्न आचार-व्यवहार के मुद्दे की जानबूझकर उपेक्षा की गई. इस अवसर का उपयोग भाजपा ने एक बार फिर आरजी पर हमला करने के लिए किया. वे पहले भी भाजपा के निशाने पर रह चुके हैं। आरजी ने एक ट्वीट कर अपने सपनों के भारत की अवधारणा को स्पष्ट किया ÷हमेशा की तरह भाजपा झूठ का सहारा ले रही है. वे मुझे चुप कराना चाहते हैं क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं कर सकते. मैं हमेशा भारत को परिभाषित करने वाले मूल्यों के पक्ष में बोलता रहूंगा - अनेकता में एकता, समानता और आपसी प्रेम।

इन भावनाओं से बेखबर केबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित एक लेख में लिखा कि सिक्खों को सिर्फ 1980 के दशक के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ा। उनका इशारा देश के कई हिस्सों, विशेषकर दिल्ली में हुए सिक्खों के नरसंहार की ओर था। उन्होंने आरजी के नजरिए को मोहम्मद अली जिन्ना जैसा बताया, जो देश का विभाजन करवाने पर तुले हुए थे. उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, जिनमें से बहुत से सिक्ख थे, की मांगों की कई महीनों तक पूरी तरह उपेक्षा की और उसके बाद ही किसान विरोधी कानूनों का वापिस लिया. उस दौरान हुए व्यापक विरोध में भाग लेने वाले सिक्खों को खालिस्तानी बताया गया था। जहां तक 1984 के नरसंहार का सवाल है, उसके दोषियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मनमोहन सिंह, जो एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे, ने इसके लिए क्षमाचायना की थी और हमारी अपेक्षा है कि हिंसा के दोषियों के विरूद्ध शीघ्रातिशीघ्र उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी. 1984 के अपराधियों को कई दशकों तक दंडित न किया जाना अत्यंत निंदनीय है।

इस तथ्य की ओर ध्यान नहीं दिया जाता कि आरएसएस-भाजपा इस नरसंहार के दौरान सिक्खों के बचाव के लिए आगे नहीं आए. बल्कि, इसके विपरीत, शमसुल इस्लाम, जो भारत में कट्टरपंथ के जोर पकड़ने के विषय के प्रमुख अध्येताओं में से एक हैं, दावा करते हैं कि आरएसएस ने भी इस भयावह नरसंहार में भागीदारी की. ÷इस आपराधिक मिलीभगत का महत्वपूर्ण प्रमाण आरएसएस के एक प्रमुख विचारक स्वर्गीय नानाजी देशमुख द्वारा 8 नवंबर 1984 को जारी किया गया 'अंतरात्मा की खोज का समय' शीर्षक वाला एक दस्तावेज है (जिसे जार्ज फर्नाडीज द्वारा संपादित हिंदी पत्रिका प्रतिपक्ष में प्रकाशित किया गया था). इससे उन कई अपराधियों के चेहरों पर से नकाब हटाने में मदद मिल सकती है जिन्होंने बेकसूर सिक्खों के कत्ल किए और उनके साथ दुष्कर्म किया, जिनका इंदिरा गांधी की हत्या से कोई लेनादेना नहीं था. इस दस्तावेज से इस बारे में भी जानकारी मिल सकती है कि वे स्वयंसेवक कहां से आए थे, जिन्होंने योजनाबद्ध ढंग से सिक्खों की हत्याएं कीं. नानाजी देशमुख इस दस्तावेज में 1984 में सिक्खों के नरसंहार तो सही ठहराते नज़र आते हैं।÷

आरजी की आलोचना से जुड़ा एक मुद्दा और है. कई सिक्ख समूह इसे सिक्ख पहचान को मान्यता देने के स्वागत योग्य कदम की तरह देख रहे हैं. पूर्व आरएसएस प्रमुख के. सुदर्शन ने एक वक्तव्य में कहा था कि सिक्ख धर्म वास्तव में हिंदू धर्म का एक पंथ (सम्प्रदाय) है और खालसा की स्थापना हिंदुओं की इस्लाम से रक्षा करने के लिए की गई थी. 2019 में मोहन भागवत ने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है. इन दोनों वक्तव्यों के विरूद्ध कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी. इन वक्तव्यों से आरएसएस की मानसिकता भी पता चलती है. हम जानते हैं कि सिक्ख मात्र एक पंथ नहीं है बल्कि एक धर्म है; जिसकी स्थापना गुरू नानक देवजी ने की थी. उन्होंने कहा था न हम हिंदू न हम मुसलमान. पंजाब ट्रिब्यून और नवा जमाना जैसे प्रमुख पंजाबी समाचारपत्रों ने अपने संपादकीय में भागवत के वक्तव्य की कड़ी आलोचना की. वहीं शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबधंक कमेटी (एसजीपीसी) और शिरोमणि अकाली दल (एसएडी), जो एनडीए का हिस्सा है, और भाजपा का सहयोगी दल रह चुका है, ने भी भागवत के वक्तव्य पर कड़ी प्रतिक्रिया की। अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि उनका मानना है कि आरएसएस की इन हरकतों से देश में फूट पड़ेगी. 'आरएसएस नेताओं के वक्तव्य देश के हित में नहीं हैं, उन्होंने लिखा।

सिख धर्म के हिंदू धर्म का हिस्सा होने के दावों का खंडन केहन सिंह की पुस्तक ÷हम हिंदू नहीं÷ में किया गया है. यदि हम सिक्खों की परंपराओं पर ध्यान दें, तो उनमें सांप्रदायिक मेलजोल नजर आता है. स्वर्ण मंदिर की नींव मियां मीर ने रखी थी. सिक्ख धर्म बाबा फरीद और अन्य सूफी संतों का सम्मान करता है और साथ ही भक्ति संतों जैसे कबीर और रैदास का भी. सिक्खों में गुरू का दर्जा रखने वाले गुरूग्रन्थ साहिब में सिक्ख गुरूओं की वाणी के साथ-साथ सूफी और भक्ति संतों को भी स्थान दिया गया है. उसका मुख्य विचार और लक्ष्य है मौलानाओं और ब्राम्हणवादी शिक्षाओं द्वारा लादी लिंग और जाति संबंधी गैरबराबरी को दूर करना। भारतीय उपमहाद्वीप में जन्में धर्मो बौद्ध, जैन और सिक्ख सभी मानव जाति में बराबरी की वकालत करते हैं और एक तरह से जाति व लिंग संबंधी पदक्रम से दूरी बनाते हैं. कई सिक्ख नेता मात्र सत्ता की खातिर भाजपा में शामिल होने का प्रयास करते हैं, और उनका ध्यान सिक्खवाद के मानवीय मूल्यों और ब्राम्हणवादी रूढ़िवाद के बीच के विरोधाभास की ओर नहीं जाता. जैसा अम्बेडकर ने कहा कि ब्राम्हणवाद हिंदुत्व का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है. इसी के चलते उन्होंने हिंदू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया। सिक्ख धर्म भारतीय इतिहास के तथाकथित मुस्लिम काल में फला-फूला. कई सिक्ख संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद अब आरएसएस सिक्ख धर्म को एक स्वतंत्र धर्म के रूप में स्वीकार करने लगा है. आरजी का वक्तव्य कहीं से भी विभाजनकारी नहीं है और भारतीय संविधान के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है।

अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं, यह उनके विचार हैं।

# श्रीराम की शक्ति-पूजा

■ विजय बुधोलिया

आद्यशक्ति माँ जगदम्बिका की कृपा के बिना दुनिया का कोई भी कार्य संभव नहीं है। समस्त शक्ति की स्त्रोत वे ही हैं। रावण से युद्ध के पूर्व श्रीराम ने भी नवरात्रि का व्रत कर माता जगदम्बिका की आराधना की थी और उनका आशीर्वाद पाया था। शिव के साथ शक्ति की उपासना करना स्वाभाविक बात प्रतीत होती है। क्योंकि, दोनों ही श्रद्धा और विश्वास के रूप हैं (भवानी शंकरौ वन्दे,श्रद्धा-विश्वास रूपिणौ।)पर वाल्मीकि रामायण में ऐसा कोई प्रसंग उपस्थित नहीं हुआ है,जिसमें श्रीराम को भगवती की पूजा करते हुए बताया गया हो। हाँ,भगवान शंकर की उपासना राम अवश्य करते हैं। रावण विजय के बाद जब राम लौटते हैं, तब सीता जी को सेतु दिखला कर कहते हैं कि महादेव ने यहाँ मुझ पर अनुग्रह किया था--'अत्र पूर्वं महादेवः प्रसादमकरोद्विभुः।' सेतु बाँधने के पूर्व मेरे द्वारा स्थापित होकर वे यहाँ विराजमान हुए थे। मानस में भी सेतु निर्माण के समय श्रीराम के मन में वहाँ शिवलिंग की स्थापना का विचार उठता है। तब वे यह बात वानरराज सुग्रीव को बताते हैं। सुग्रीव तुरंत दूतों के जरिए मुनियों बुलवा लेते हैं और शंभु की स्थापना हो जाती है।

**'करिहऊँ इहाँ संभु थापना।**
**मोरे हृदयँ परम कलपना।।**
**सुनि कपीस बहु दूत पठाए।**
**मुनिबर सकल बोलि लै आए।।**
**लिंग थापि बिधिवत करि पूजा।**
**सिव समान प्रिय मोहि न दूजा।'**

यहाँ प्रश्न यह उठाया जाता है कि श्रीराम ने शिव के साथ भवानी की पूजा क्यों नहीं की थी? बात उचित भी लगती है।पर इसका समाधान यह कह कर दिया जाता है कि माँ जगदंबिका स्वरूप सीता जी स्वयं सदैव राम के हृदय में विराजमान रहती थीं,इसलिए उन्हें अलग से उनकी पूजा करने की आवश्यकता प्रतीत नहीं हुई होगी। श्रीराम और माता सीता कितने अभिन्न थे,वह इस छंद में दिखाई देता है।

'एहि के हृदय बस जानकी, जानकी उर मम बास है।
मम उदर भुवन अनेक लागत बान सब कर नास है।'



किन्तु,कुछ ग्रंथों के अनुसार श्रीराम ने भगवती अम्बिका की पूरे भक्ति-भाव से आराधना की थी। श्रीमद्देवीभागवतपुराण की कथा के अनुसार सीता-हरण के बाद नारद के उपदेश के अनुसार राम रावण पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से यथा-विधि नवरात्रौपवास करते हैं। क्योंकि, वे जानते थे कि त्रैलोक्य विजयी महाबली रावण को जीतना कोई आसान काम नहीं है। भगवती की आराधना में नारद जी भी उनकी सहायता करते हैं। इसके अन्त में 'सिंहासनरूढ़ा देवी भगवती' राम को दर्शन देकर रावण पर विजय का आश्वासन देती हैं। बाद में राम विजया-पूजा करके वानर-सेना सहित समुद्र की ओर प्रस्थान करते हैं।

महाभागवत पुराण की एक कथा के अनुसार जब देवता रावण-वध करने के लिए विष्णु से अवतार लेने की प्रार्थना करते हैं, विष्णु उनसे कहते हैं कि जब तक 'देवी' लंका में निवास करती हैं, मैं रावण को पराजित नहीं कर सकता। बाद में सब मिलकर कैलास पर देवी के पास जाते हैं।देवी, सीता-हरण के कारण लंका छोड़ देने की प्रतीज्ञा करती हैं एवं शिव हनुमान् का रूप धारण कर राम की सहायता करने का वचन देते हैं। वृहद्धर्मपुराण और महाभागवत पुराण के अनुसार हनुमान् शिव के अवतार हैं और देवी लंका में निवास करती हैं। लंका में जाकर हनुमान् देवी के मंदिर में जाकर उन्हें अपना परिचय देते हुए बताते हैं कि मैं ही शिव हूँ और उनसे लंका छोड़ देने की प्रार्थना करते हैं। सीता के अपमान के कारण रावण से अप्रसन्न होकर देवी लंका छोड़ देती हैं।

युद्ध के वर्णन में राम के देवी से प्रार्थना करने का अनेक स्थलों पर उल्लेख है,अंत में राम देवी से अमोघ शस्त्र ग्रहण कर रावण को मारने में समर्थ होते हैं। ब्रह्मा भी राम की विजय के लिए देवी की मृण्मयी मूर्ति बनाकर उनकी पूजा करते हैं।

इससे पता लगता है कि माँ जगदम्बिका सदैव अपने भक्तों की सहायता के लिए उपस्थित रहती हैं। श्रीराम की भी हर समय उन्होंने सहायता की।

## बादामी के प्रमुख आकर्षण मंदिर



**बादामी गुफा मंदिर** – बादामी मुख्य रूप से अपने गुफा मंदिरों के लिए जाना जाता है। यहां पर चार अलग-अलग मंदिर स्थित हैं और हर मंदिर में उकेरी गई कला उसे सुंदरता प्रदान करती है। यहां स्थित आकर्षक बलुआ मंदिर 6वीं से 7 वीं शताब्दी के मध्य बादामी चालुक्य द्वारा बनवाए गए थे। बादामी गुफा मंदिर विशाल बलुआ चट्टानी संरचनाएं हैं जिन्हें देखकर प्रकृति की अद्भुत लीलाओं के प्रति मन नतमस्तक होजाता है। इन चट्टानों को मानव श्रम ने और भी आकर्षक स्वरूप में ढलने लायक बना दिया है। चट्टानों को उकेरकर बनाई गईं नक्काशीदार संरचनाएं देखने लायक हैं। इन मंदिरों में चालुक्य वास्तुकला को करीब से समझा जा सकता है।

# सेठानी घाट पर एसडीआरएफ जवान ने 2 बालिकाओं को बचाया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले के ग्राम पथरोट की दो बालिका अंजू ( अर्चना ) पिता विजय 17 वर्ष एवं रोशनी चौधरी पिता रिकी राम चौधरी 16 वर्ष अपने परिवार के साथ 7 अक्टूबर सोमवार को सेठानी घाट स्थित काला महादेव घाट स्नान करने आई थी। स्नान के दौरान दोनों बालिका गहरे पानी मैं चली गई थी। सेठानी घाट पर ड्यूटी पर तैनात एसडीआरएफ जवान रविंद्र जायसवाल की सजकता से दोनों बालिका को गहरे पानी मैं डूबने से बचा लिया गया। बताया गया कि एक लड़की के सर, पेट में पानी भर गया था, जिसे निकाल दिया गया। दोनों बालिका अब स्वस्थ और सुरक्षित है। दोनो बालिकाओं के परिवारजनों ने एसडीआरएफ के जवान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित समर्पित किया है।

# यति नरसिम्हानंद के खिलाफ देशद्रोह का मुक़दमा दर्ज करने दिया ज्ञापन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को मुस्लिम समाज ने शहर क़ाज़ी अशफ़ाक़ अली के नेतृत्व मे स्थानीय टेलीफोन एक्सचेंज के सामने एकत्रित होकर शान्ति और सद्भाव के साथ एसपी आफिस पहुंचकर पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा को ज्ञापन सौपा।

शहर काजी अशफाक अली ने कहा हमारे नबी की शान मे गुस्ताखी ना काबिले बर्दाश्त है जिससे मुस्लिम समाज की भावनाये आहत हुई हैं। फैज़ान उल हक़ ने कहा आज देश मे ऐसे असामाजिक तत्व देश की संस्कृति के लिए खतरा है जो देश के संविधान और कानून की मर्यादाओं को तार तार कर रहे है इनके खिलाफ कड़ी करवाई की जानी चाहिए जिससे ऐसी घटनाओ पर रोक लगे। साथ ही उपस्थित जनसमूह ने कहा ऐसी घृणित मानसिकता के लोग आये दिन हमारे पैगंबर की शान मे गुस्ताखी कर हमारी आस्था पर गहरा आघात करते हैं.देश के साम्प्रदायिक सोहाद्र को बिगाड़ने का प्रयास करते है इनके बयान से समाज में हिंसा व अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है ऐसी घृणित मानसिकता के व्यक्ति नरसिम्हानंद को कड़ी सजा दी जाये।

ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से शहर काजी अशफाक अली, अंजुमन सदर जब्बार खान, फैजान उल हक, गुलाम मुस्तफा, राजा नफीस, अजहर खान, आदिल फाजली, जुनैद ताजी, इसराइल खान, नवेद कुरैशी, रानू खान, शहजाद सिज्जू, हाशिम खान, जावेद फाजिल, मेहराज उल हक ,मो. आमिर, मेहताब ताजी, मजहर खान, शेख जावेद, फिरोज खान, अमीन राइन, आफरीद खान, रिज़वान खान, मोहम्मद उमर, गुफरान खान, महमूद फाजली , इमरान, इरफान उल हक आदि उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ कक्ष को बंद कर काटा केक

# उपचार के लिए खड़े थे मरीज,उधर अस्पताल में मनाया जा रहा था जश्न!





**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो।**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षो से जमे डॉक्टरो ने अपने-अपने अलिशान नर्सिंग होम बना के रखे हुए हैं। जो अस्पताल में कम और अपने निजी नर्सिंग होम में ज्यादा दिखाई देते हैं। सिवनी मालवा के अस्पतालों के डॉक्टर के ऊपर ना तो कलेक्टर ना कमिश्नर और ना ही स्थानीय प्रशासन का कोई ध्यान होने के कारण आज इनके हौसले इतने बुलंद है कि वह अपनी मनमर्जी का आलम चला रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बीते रोज देखने को मिला।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार दोपहर 12 बजे अस्पताल के चिकित्सक बीएमओ कक्ष को बंद कर जन्मदिवस का केक काटते रहे वही बाहर अस्पताल में मरीज परेशान होते रहे और डॉक्टर का इंतजार करते हुए नजर आए। जब हमारी टीम ने मारीजो के हाल चाल जानने किं कोशिश की तो बाबरी से उपचार कराने आये जयकेस बरेला ने बताया की बहुत देर से लाइन में लगे है पर अस्पताल मे कोई आया है डॉक्टर उनका स्वागत करने गए है। वही जब बीएमओ कक्ष का दरवाजा खुला तो पता चला की बीएमओ कक्ष में केक काटा जा रहा था। आपको बता दें की सिवनी मालवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीज परेशान होते हैं उनकी परेशानी को देखने वाला कोई भी नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ना तो प्रशासन और ना ही जनप्रतिनिधियो को फिक्र है इसीलिए मरीज परेशान होते रहते है। वर्तमान में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है जिसके चलते बड़ी संख्या में बीमार मरीज अस्पताल में उपचार के लिए पहुँच रहे है।

### साहब को जन्मदिन मनाने से किसने रोका

इस बारे में जब बीएमओ जयसिंह कुशवाहा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा की चिकित्सक का जन्मदिन है तो क्या 2 मिनट नाश्ता भी नहीं कर सकते क्या जन्मदिन भी नहीं मना सकते। एक डॉक्टर मरीजो को देख तो रहे है। यहां पर हम कहेंगे कि साहब आपको जन्मदिन मनाने के लिए कोई नहीं रोक रहा है हम जानते हैं कि हमारे यहां के जनप्रतिनिधिओ से आपके मधुर संबंध है वो आपकी मुट्ठी में हैं जिसका खामियाजा नगर की जनता उठा रही है, हम तो कह रहे हैं कि आप खूब जन्मदिन का जश्न मनाओ लेकिन अस्पताल कार्यालय के समय पर तो मरीजों के साथ अपनी सद्भावना रखो की बो किस दुख तकलीफ में लाइन में खड़े हुए हैं।

### इनका कहना है

*जब हमने इस पूरे मामले में एसडीएम सरोज सिंह परिहार से बात की तो उन्होंने बताया की मुझे भी अभी जानकारी मिली है। यदि जन्मदिवस मनाना ही है तो ड्यूटी टाइम के बाद मनाना चाहिए। इस बारे में बीएमओ से चर्चा कर जवाब माँगा जाएगा तथा कार्रवाई की जायेगी।*

**श्रीमती सरोज सिंह परिहार, एसडीएम सिवनी मालवा**

### नगर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

अस्पताल में मनाया गया जन्मदिन के इस पुरे मामले में कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा के नगर अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सोफा जिसमें मांग की गई है कि सिवनी मालवा भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार दोपहर 12 बजे ड्यूटी टाइम पर बीएमओ कक्ष में सभी चिकित्सकों तथा स्टाफ द्वारा किसी चिकित्सक का जन्मदिवस मनाया जा रहा था। वही अस्पताल में मरीज परेशान हो रहे थे। निवेदन है की पूरे मामले की जांच कर उक्त चिकित्सक पर कार्रवाई की जाए। सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से जमे चिकित्सक अपनी मनमानी कर रहे हैं। अधिकांश चिकित्सक अस्पताल में ड्यूटी नहीं करते हुए अपने अपने निजी क्लिनिक पर प्रेक्टिस कर रहे हैं। अतः ऐसे चिकित्सकों को चिन्हित कर उनका स्थानान्तरण किया जाए जिससे की अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार हो सके। हमारी मांग है कि कृपया कर हमें जानकारी भी दी जाए की ड्यूटी टाइम पर क्या चिकित्सक किसी तरह का निजी आयोजन कर सकते है अथवा नहीं ?



# राष्ट्रीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप में नर्मदा कॉलेज के दो खिलाड़ियों ने जीते पदक



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा कॉलेज के दो खिलाड़ी जिनका चयन 34वी राष्ट्रीय थ्रोबॉल जूनियर चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की टीम में हुआ था , प्रतियोगिता हैदराबाद में अयोजित की गई थी। जिसमें कालेज के दो छात्र प्रशांत धुर्वे और निखिल यादव ने टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने बधाई दी। साथ ही नर्मदापुरम थ्रोबॉल संघ के सचिव, मंडल अध्यक्ष रोहित गौर,थ्रो बॉल सचिव श्रीमती स्नेहा दुबे कीड़ा प्रभारी डॉ महेश मानकर, डॉ संजय चौधरी ,डॉ.कमल वाधवा, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुकेश बिष्ट के साथ महावि,द्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने खिलाड़ियों और थ्रोबॉल मध्य प्रदेश टीम को बधाईयां दी हैं।

**12 अगस्त से जारी है यह अभियान**

# एचआईवी एड्स सघन जागरूकता हेतु रैली एवं संवाद आयोजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के दिशा निर्देश तथा सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका दुबे के मार्गदर्शन में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक जिले में एचआईवी एड्स सघन जागरूकता अभियान स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम तथा शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग जिला एड्स नियंत्रण समिति के आईसीटीसी एवं ओएसटी केंद्र के सहयोग से संपूर्ण सुरक्षा केंद्र,प्रियांशी एजुकेशन कल्चर एंड सोशल सोसायटी नर्मदापुरम, टीआई एनजीओ द्वारा संचालित किया जा रहा है, अभियान के अंतिम सप्ताह में ग्राम निमसाडिया, सावलखेड़ा, मेहरागांव, रायपुर, कन्या हाई स्कूल एवम रामलाल शर्मा स्कूल , मुख्य डाकघर कार्यालय एवम ऑटो यूनियन नर्मदापुरम, सहित अन्य विकास खण्डों के ग्रामों में जन जागृति रैली आयोजित कर नागरिकों को एचआईवी एड्स सिफीलिस जैसी लाइलाज लेकिन नियंत्रित बीमारियों से जागरूक कर जानकारी दी,एचआईवी, अन्य गुप्त रोगों, टीबी के सभी लक्षण - फैलने के कारण एवं बचाव के बारे मे तथा सामाजिक कुरीति, एचबीसी के बारे में जानकारी दी गई तथा सरकारी हाई स्कूलों में छात्र छात्राओ को एसटीआई एचआईवी के बारे मैं संपूर्ण जानकारी दी गई, टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई, साथ ही आईसीटीसी केंद्र में निःशुल्क एचआईवी की जांच। प्राचार्य ने बताया गया की एचआईवी एड्स लाइलाज बीमारी हैं जिंदगी भर दवाई पर निर्भर होना पड़ता हैं जागरुकता और सावधानी से ही एचआईवी एड्स की चैन को तोड़ा जा सकता हैं। पिछले 2 माह से लगातार इस अति महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने में संपूर्ण सुरक्षा मैनेजर रक्षा शुक्ला, हरीश यादव,ज्योति खरवार, टीआई प्रोगाम की ओर से मीनाक्षी बाथरी, प्रीति ठाकरे, आरती बेलवंशी काउंसलर, आशा बाथरी, दिशा से हेमंत पटेल, आईसीटीसी परामर्शदाता गणेश उपरारिया, विवेक पटवा, प्रकाश यादव, ओएसटी से डाटा मैनेजर संदीप साहू, आशीष कुमार, सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ एसटीएलएस, एसटीएस एवं लेब टेकनिशियनो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**मेट्रो एंकर**

## वर्षा काल में खराब हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से की जाएगी

# सभी कलेक्टर्स वन ग्राम एवं विस्थापित ग्राम में चौपाल लगाएं : संभागायुक्त

## संभाग आयुक्त ने गूगल मीट में सभी कलेक्टर को दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

संभागायुक्त के जी तिवारी ने सोमवार को गूगल मीट में नर्मदापुरम संभाग के बैतूल हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे वन ग्राम एवं विस्थापित ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वन ग्राम एवं स्थापित ग्रामों में स्कूल आंगनबाड़ी समय पर खुले। स्वास्थ्य केंद्र, बिजली, पानी की व्यवस्था हो, साथ ही वन ग्रामों एवं स्थापित ग्रामों में खराब सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से कराई जाए। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह वन ग्राम एवं विस्थापित ग्राम में चौपाल लगाये। चौपाल के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों की टीम मौजूद रहे और वन ग्राम एवं स्थापित ग्रामों में व्याप्त समस्या एवं कमियों का निराकरण वहीं पर प्राथमिकता से कर दिया जाए। संभागायुक्त ने वर्षा काल में खराब हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की सड़क निर्माण करने वाले विभाग 31 अक्टूबर तक खराब हुई सड़कों की मरम्मत एवं सुधार का कार्य कर लें।



संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों के अंदर पर सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिले में सांसद एवं विधायक गणो तथा जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों की बैठक कर 1 जुलाई से लागू हुए तीन नए कानून की जानकारी देने के लिए कार्यशाला आयोजित करें उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति और हिंसा रोकथाम समितियां की बैठक कर पालन प्रतिवेदन भिजवाने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों की निराकरण में स्थिति सुधारी जाए। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा की एवं अब तक हुए कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए की एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण का कार्य निरंतर चलता रहे। संभागायुक्त ने कहा कि रोपे गए पौधों के फोटो वायु एप में अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। उन्होंने कहा कि अभी द्वितीय एवं तृतीय चरण के फोटो पर विशेष फोकस करते हुए वायु दुत एप में अपलोड किए जाएं। उन्होंने जल जीवन मिशन में अपेक्षित प्रगति न आने पर रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने सभी जिलों में परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए और कहां की अभी भी कर्मचारियों के क्रमोन्नति और समय मान वेतनमान के कुछ प्रकरण लंबित है, उनका प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि समय मान वेतनमान के बाद कर्मचारियों की वेतन फिक्सेशन की कार्रवाई भी प्राथमिकता से की जाए।

### संभाग आयुक्त ने राजस्व रिकवरी की वसूली की स्थिति की समीक्षा

संभाग आयुक्त ने राजस्व रिकवरी की वसूली की स्थिति की समीक्षा की एवं राजस्व रिकवरी बढ़ाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने राजस्व एवं वन विभाग के प्रतिवेदनों के अभाव में उत्खनन खनिज पट्टों के लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की एवं कहां की प्रतिवेदन के अ भाव में आवेदन लंबित न रहे इसलिए प्राथमिकता से प्राप्त आवेदनों पर विचार कर निर्णय लिया जाए। संभागायुक्त ने कृषि उत्पादन आयुक्त की खरीफ 2024 की समीक्षा एवं रबि 2024 - 25 की समीक्षा बैठक की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध एवं असुरक्षित निर्माण गतिविधियों पर यथासंभव रोक लगे और उनके निर्माण के प्रारंभिक स्तर पर ही ऐसे अवैध निर्माण कार्य को रोका जाए। लैंड बैंक की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने निर्देश दिए की लैंड बैंक के लिए नर्मदापुरम में और अधिक जमीन चिन्हित की जाए। उन्होंने आगामी त्योहारों पर विशेष सतर्कता रखने के निर्देश दिए और कहां की फटाको से कोई जनहानि ना हो, जान माल की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। सभी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किए जाएं। गूगल मीट में उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर एवं नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

# लंबित आवेदनों की समीक्षा निराकरण हेतु विभागो को दिन व साप्ताहिक लक्ष्य तय



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन से संबंधित आवेदनो के निराकरण हेतु अनेक विभागो को हर दिन का जबकि किन्चित विभागो को साप्ताहिक लक्ष्य तय कर निराकरण की जानकारियों से अवगत कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की हर रोज प्रातः दस बजे समीक्षा करने हेतु अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर को अधिकृत करते हुए कहा कि उक्त बैठक में जिन विभागो के जिलाधिकारी अनुपस्थित रहते है तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रस्तुत करें ताकि संबंधितों के खिलाफ आर्थिक और अनुशासनात्मक दोनो कार्यवाहिंया एक साथ संपादित की जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा हर रोज करने के निर्देश देते हुए उक्त विभागो के हर रोज क्रमशः पचास-पचास शिकायतो का निराकरण करने का लक्ष्य तय किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराना सुनिश्चित करेंगे। ऐसी समस्यायुक्त आवेदन जिनके निराकरण हेतु बजट की आवश्यकता है मांग संबंधी आवेदक है। उन आवेदनों के निराकरण हेतु निर्धारित मापदण्डो का पालन करते हुए समय सीमा में डिस्पोजल कराएं। जिन आवेदनो का निराकरण संभव नहीं है ऐसे आवेदनो को अविलम्ब फोर्सक्लोज कराने की कार्यवाही संपादित करें। कलेक्टर सिंह ने ग्रेडिंग माह सितम्बर की शिकायतो को सर्वोच्च प्राथमिकता से शीघ्रतिशीघ्र निराकृत करने के निर्देश विभागो को देते हुए कहा कि आगामी सप्ताह में यदि विभागीय प्रगति आशातीत प्रतीत नहीं हुई तो उन विभागो के जिलाधिकारियों का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में 11201 आवेदन लंबित थे जबकि नवीन आवेदन प्राप्ति के साथ-साथ एक सप्ताह में 280 आवेदनो का निराकरण किया गया है इस प्रकार शेष 10921 आवेदनों के निराकरण हेतु विशेष पहल स्थानीय स्तर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी भी करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अनुविभाग स्तर पर ही पृथक से बैठक आयोजित कर खण्ड स्तरीय समस्याओं का निदान त्वरित संपादित हो की पहल करने हेतु निर्देशित किया हैं।

### निर्माण कार्यो की समीक्षा

लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यो हेतु खासकर आंगनबाडी भवनो के लिए विभिन्न मदो में प्राप्त राशि से भवनो के निर्माण की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अक्टूबर माह तक जिले की सभी आंगनबाडी भवनो का निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत को निर्देशित किया कि जिन भवनो का निर्माण कार्य पूर्ण होता जा रहा है का भ्रमण करें और संबंधित विभाग के उपयंत्री एवं सीडीपीओ तथा जनपद सीईओ तीनो के हस्ताक्षर से भवन ग्राम पंचायत के सुर्पुद किए जाएं ताकि आंगनबाडी के संचालन में किसी भी प्रकार के अवरोध ना हो पाए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले में नीति आयोग से प्राप्त राशि से 28-28 लाख की लागत से शहरी निकाय क्षेत्रो में नौ आंगनबाडी केन्द्रो का निर्माण किया जा रहा है जिसमें आठ की निर्माण ऐजेन्सी पीआईयू एवं एक निर्माण कार्य के लिए आरईएस निर्माण ऐजेन्सी नियुक्त की गई हैं।

### चरनाई भूमि

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को समीक्षा बैठक में निर्देश दिए है कि शासन द्वारा निर्धारित चरनोई भूमि पर किसी अन्य का कब्जा, अतिक्रमण ना हो को सुनिश्चित कराएं। यदि किसी के द्वारा कब्जा किया गया है तो अविलम्ब हटाने की कार्यवाही करें और मुक्त कराई गई चरनोई भूमि स्थानीय ग्राम के सचिव को सुर्पुद करें। इस बात का विशेष ध्यान रखे कि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर पुनः किसी अन्य का कब्जा ना हो। कलेक्टर श्री सिंह ने अनुविभागवार ततसंबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर को प्रपत्र तैयार कर उल्लेखित प्रपत्र में ही सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि की जानकारी दर्ज कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे।

### जल जीवन मिशन

जल जीवन मिशन के तहत पिछले एक सप्ताह में आठ नलजल योजनाएं पूर्ण की गई है जिनमें से सात नलजल योजनाएं संबंधित ग्राम पंचायतो को सुपुर्द करने की कार्यवाही की जा रही है। अक्टूबर माह में बीस नलजल योजनाएं पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए है इसी प्रकार विदिशा जिला मुख्यालय पर सीएम राइज स्कूल भवन के लिए चिन्हांकित की गई भूमि का निर्माण ऐजेन्सी के द्वारा भ्रमण करने के निर्देश दिए गए है। इसी प्रकार विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लिए पुनः शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए है।

## जमीयत उलेमा द्वारा घृणास्पद भाषण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

# यति नरसिंहानंद के बयान पर आक्रोश, शिकायती आवेदन सौंपा






सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

गाजियाबाद के डासना स्थित देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद एवं उनके शिष्य अनिल यादव उर्फ छोटा नरसिंहानंद ने इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब पर निंदनीय और शर्मनाक टिप्पणी की है अनिल यादव ने तीन अन्य संतों के साथ एक वीडियो जारी किया इसमें वह मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुनाई दे रहा है वीडियो में कही गई बातें। जिसके विरोध में जमीयत उलेमा हिंद सिरोंज के नेतृत्व में शहर के अनेक उलेमा एवं अन्य लोगों की उपस्थिति मे 7 अक्टूबर, 2024 को सिरोंज थाना परिसर पहुंच कर थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा गया। जिसमें 29 सितंबर, 2024 को हिंदी भवन, लोहिया नगर में सेवा संस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा दिए गए भाषण का उल्लेख किया गया है।

इस भाषण में पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणियाँ और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ हिंसा भड़काने की बातें कही गई थीं। जमीयत-उलमा हिंद सिरोंज द्वारा भाषण की भड़काऊ प्रकृति पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जो सामुदायिक सद्भाव को बाधित कर सकता है और हिंसा को भड़का सकता है।

आवेदन देने वालो मे जमीयत उलामा हिंद के जिला अध्यक्ष मुफ्ती अली अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष कारी अब्दुल हफ़ीज़, पेश इमाम नूर उददीन, एडवोकेट शोएब खान, डॉक्टर वसीम, मौलाना जाहिद अली नदवी, सुब्हान मंसूरी, हाफ़िज़ नइम अतहर, मौलवी इशतियाक, मौलवी साद, हाफ़िज़ शम्स कमर आदि मुस्लिम समाज के लोग उपस्तिथ थे।

### भाषण के खिलाफ सख्त कदम उठाने का किया आग्रह

आवेदन पत्र पर प्रमुख समुदाय नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो आरोपी के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग करते हैं ताकि तनाव को और बढ़ने से रोका जा सके। नेताओं ने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया और अधिकारियों से घृणास्पद भाषण के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आग्रह किया। साथ ही कहा हम ऐसे घृणास्पद और भड़काऊ टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं कर सकते जमीयत-उलमा के एक प्रतिनिधि ने कहा। हम मांग करते हैं कि ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए।

### स्थानीय पुलिस ने समुदाय के नेताओं को दिया आश्वासन

स्थानीय पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि की है और समुदाय के नेताओं को आश्वासन दिया है कि एक विस्तृत जांच की जाएगी। इस घटना ने घृणास्पद भाषण के खिलाफ सख्त कानूनों की आवश्यकता और सामुदायिक सद्भाव को बनाए रखने के महत्व पर व्यापक चर्चा को जन्म दिया है।

### यह धाराएं लगाने की मांग

शिकायती आवेदन में यह भी कहा गया है कि स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती और उनके साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 79, 196 (ए), 197 (सी) एवं (डी), 299, 302 एवं 352 के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज की जाए और उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

## 68 भी राज स्तरीय शालेय ताइक्कांडो एवं लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

68 भी राज स्तरीय शालेय ताइक्कांडो एवं लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन विदिशा में आयोजित हुई जिसमें जिला विदिशा के खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग की ओर से खेलते हुए भोपाल संभाग के सभी ताई कमांडो खिलाड़ियों ने बालक बालिका वर्ग मैं 23 गोल्ड 13 सिल्वर 11 ब्रोंज मेडल लॉन टेनिस में 15 गोल्ड 09 सिल्वर मेडल जीतकर सभी वर्ग 14 वर्ष, एवं 17 वर्ष बालक बालिका वर्ग में चौंपियनशिप प्राप्त की इसी तरह लॉन टेनिस में भी अंडर 14, एवम 17, बालक, बालिका वर्ग मैं 15 गोल्ड, 09 सिल्वर, मेडल जीतकर कर चौंपियनशिप प्राप्त की ताई कमांडो एवं लॉन टेनिस दोनों ही खेलों में भोपाल संभाग ओवरऑल चौंपियन रहा। भोपाल संभाग के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर भोपाल संभाग के जनरल मैनेजर जमशेद खान एवं सहायक जनरल मैनेजर शान मियां, को भोपाल संभाग के संयुक्त संचालक (खेल) संजय शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी विदिशा आर के ठाकुर, जिला विदिशा समस्त प्राचार्य एवं शिक्षक एवं खेल शिक्षकों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भोपाल में अतिथि शिक्षकों पर पुलिस की बर्बरता को लेकर अतिथियों ने सौंपा ज्ञापन पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।




सोमवार को आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम हर्षल चौधरी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने हेतु 2 सितंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षकों की महापंचायत भोपाल में आयोजित कर अनेक घोषणाएं की थीं। उनकी घोषणानुसार कार्य अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर गुरुजियों की तर्ज विभागीय परीक्षा, वार्षिक अनुबंध, सीधी भर्ती में 50ः प्रतिशत आरक्षण और बोनस अंक देकर नियमित करने की घोषणा की थी। किन्तु एक वर्ष बाद भी आज दिनांक तक आदेश जारी नहीं हुए। आदेश जारी करवाने की मांग को लेकर सैकड़ों बार शासन प्रशासन से आवेदन निवेदन कर चुके हैं। उसके बाद भी आदेश जारी नही होने पर 10 सितंबर 2024 को भोपाल में हजारों की संख्या में अतिथियों ने एकत्रित होकर सांवेधानिक रूप से अपनी बात रखने का प्रयास किया गया। जिसके बाद 11 सितंबर 2024 को वल्लभ भवन मंत्रालय में शासन प्रशासन तथा अतिथि शिक्षक प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक हुई जिसमें कुछ तात्कालिक मांगों पर सहमति बनी थी। उसके बाद भी आदेश जारी नही होने पर पुनः बीस दिन बाद 02 अक्टूबर 2024 को प्रदेश भर के अतिथि शिक्षक शांतिपूर्ण तरीके से वचन निभाने का आग्रह भोपाल के तुलसी नगर अंबेडकर पार्क सेकेंड स्टॉप पर कर रहे थे। जहाँ पुलिस प्रशासन ने रात्रि लगभग 8 बजे स्ट्रीट लाइट बंद करके बिना किसी चेतावनी के बर्बरता पूर्ण व्यहवार के साथ गालीगलौच करते अतिथि शिक्षक भाई-बहिनों पर लाठीचार्ज कर जमकर पिटाई की गई। जिसमें कई दर्जन अतिथि शिक्षकों को गम्भीर चोटें आई है। तथा प्रदेश अध्यक्ष के. सी. पवार, महासचिव सन्तोष कहार, कार्यकारी अध्यक्ष बी.एम. खान, उपाध्यक्ष मुकेश जोशी सहित करीब 250 अतिथि शिक्षक, शिक्षिकाओं पर झूठी एफआईआर दर्ज की गई है जो अत्यंत घोर निंदनीय घटना है। ऐसे पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान हटेसिंह, राजकुमार, अंकित, राजकुमार शर्मा, छगन सिंह आदि मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

## परिजनो ने थाने के बाहर लाश को रखकर किया प्रदर्शन, पुलिसकर्मी पर भी कार्रवाई की मांग

# इलाज के दौरान नारायण बघेल की हुई मौत, दोषियों को दी जाएं फांसी





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

गुरुवार की रात्रि में गोकुलधाम कॉलोनी में तीन लोगों ने नारायण बघेल पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था जिसके बाद हालत गंभीर होने पर नारायण बघेल की भोपाल के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार को मृत्यु हो गई। इसके बाद शाम को लाश को सिरोंज लाया गया नारायण बघेल की हत्या में शामिल आरोपियों पर अभी कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने थाने के गेट के बाहर सड़क पर लाश को रखकर प्रदर्शन करते हुए मृतक के लड़के विक्रम बघेल ने कहा कि पहले भी हम लोगों पर इस तरह के हमले किए गए हैं मुझे भी मरने का प्रयास किया गया जिसकी हमने थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की दूसरी ओर 3 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया और ना ही पुलिस वाले पर प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारियों को समझने के लिए कई बार अधिकारियों ने बात की पर हर बार एक ही तरह की चर्चा हुई हर बातचीत के बाद भी सहमति नहीं बन पाई। वहीं मृतक की पत्नी ने भी कहा कि इस घटना में पुलिसकर्मी संतोष दोषी है उसे कहने हत्या की गई है। उसने पकड़वाने का काम किया है। दोषियों पर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो हमारे बच्चों का क्या होगा उनके साथ भी कोई घटना हो सकती है। इस पर एसडीएम, एसडीओपी ने कहा कि हम सुरक्षा उपलब्ध कराएंगे जो भी तथ्य सामने आएंगे और दिए जाएंगे उनके आधार पर जांच के बाद आगे कार्रवाई करेंगे।

इस घटना में शामिल आरोपी अंकित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है बाकी आरोपियों को भी जल्दी गिरफ्तार कर लेंगे प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा मोहित रघुवंशी, गोलू यादव को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। इन्हें तत्काल गिरफ्तार करके फांसी की सजा दी जाए वही कई प्रदर्शनकारी तो संतोष पुलिस वाले पर अभी प्रकरण दर्ज करवाने की मांग कर रहे थे कुछ का तो कहना था कि यहीं पर बुलाया जाए प्रदर्शन कर रहे हैं लोगों ने आरोपियों को फांसी दो फांसी दो के नारे भी लगाए दूसरी ओर एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार ने प्रदर्शन में शामिल लोगों से बात करते हुए कहा कि जो भी मांगा है उन पर हम आगे कार्रवाई करेंगे। प्रदर्शन को खत्म कर दो 1 घंटे में पुलिस वाले को निलंबित करवाने का आश्वासन भी दिया इस पर प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हम यहां पर बैठ जाते हैं जैसे ही कार्रवाई हो जाएगी हम यहां से उठ जाएंगे तब तक यही पर बैठेंगे इस पर एसडीओपी और थाना प्रभारी में कहा कि जिस दिन घटना हुई थी उसी दिन मृतक की पत्नी ने जो नाम दिए थे उन पर ही हमने मामला दर्ज कर लिया था।अब नाम ऐसे नहीं बढ़ा सकते जांच के बाद ही आगे कार्रवाई हो पाएगी।

जो बिंदु दिए हैं उन पर हम बारीकी की से जांच करके नियम अनुसार कार्रवाई करेंगे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लेंगे यदि संतोष रघुवंशी पुलिसकर्मी भी इसमें दोषी पाया जाता तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी वहीं जसवंत बघेल जितेन्द्र बघेल ने प्रदर्शन प्रदर्शनकारियों की ओर से अधिकारियों से बात की सहमति बनती पर जैसे ही लाश के पास पहुंचने तो वहां से नया व्यक्त खड़ा हो जाता था इस कारण कई बार की बातचीत के बाद भी समाधान नहीं हो पर रहा था। काफी देर के बाद एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने कहा कि हम निलंबित करने को तैयार है इसके अलावा हमारी जांच से संतुष्ट नहीं है तो अलग से एस आई टी भी बनाने को एसपी तैयार है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन खत्म नही हुआ था। एसडीओपी में बताया इस घटना संगीता से लेते हुए तत्काल का मामला दर्ज करके एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है बाकी आरोपित जल्दी ही पकड़ लेंगे भीड़ को समझने का प्रयास भी लगातार किया जा रहा है।

# 2025 में होने वाले आईपीएल में 'धोनी' का खेलना तय नहीं

## बढ़ती उम्र और फिटनेस पर सवाल, जल्द लेंगे फैसला

**नई दिल्ली. एजेंसी**

चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आइपीएल-2025 में खेलेंगे या नहीं, इस बारे में अभी तक संशय कायम है। हालांकि कई रिपोर्ट में यह दावा किया जा रहा है कि चेन्नई सुपरकिंग्स धोनी को अगले सीजन के लिए रिटेन करेगा लेकिन यह तय नहीं है कि वह खेलने के लिए उतरेंगे या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, 43 वर्षीय धोनी इस महीने के अंत में चेन्नई सुपरकिंग्स के अधिकारियों से बातचीत करेंगे और अपने फैसले के बारे में जानकारी देंगे। गौरतलब है कि धोनी आइपीएल के सबसे सफल कप्तान हैं, उनकी अगुवाई में टीम पांच बार चैंपियन बनी है। धोनी की उम्र करीब 43 साल की है और उनकी फिटनेस पर भी सवाल उठ रहे हैं। आइपीएल 2024 के बाद माना जा रहा था कि यह उनका बतौर खिलाड़ी आखिरी सत्र होगा, लेकिन धोनी ने अभी तक संन्यास लेने की घोषणा नहीं की है। पिछले सीजन वह घुटने की चोट से जूझ रहे थे।

### मोहम्मद कैफ बोले- माही जब तक चाहें खेल सकते हैं...

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने कहा कि धोनी का रुतबा ऐसा है कि वह जब तक चाहें खेल सकते हैं। कैफ ने कहा, आप धोनी को एकबार फिर मैदान पर उतरते हुए देखना चाहेंगे। वह फिट हैं और उनकी बल्लेबाजी में स्ट्राइक रेट 200 के करीब है। यदि वह चाहते हैं तो जरूर खेलेंगे। वह एक बड़े और मैच जिताऊ खिलाड़ी हैं।

### चेन्नई की फ्रेंचाइजी के साथ संपर्क में हैं महेंद्र सिंह धोनी

चेन्नई फ्रेंचाइजी के अधिकारियों ने कहा कि वह धोनी से संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, हालांकि धोनी के खेलने पर आखिरी फैसला नहीं हुआ है लेकिन हम चाहते हैं कि वह आइपीएल के अगले सीजन में भी खेलें। टीम के अधिकारी अक्टूबर के आखिर में धोनी से मुलाकात करेंगे।






## वैल्यूएशन बढ़ने से छोटे निवेशकों का शेयरों में निवेश घट रहा

**मेट्रो बाजार**

**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में पिछले हफ्ते 2 साल की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट आई, जो आगे भी जारी रहने की अनुमान है। टेक्निकल चार्ट्स और फ्यूचर्स एंड ऑप्शन (एफएंडओ) का ओपन इंटरेस्ट (ओआइ) डेटा के साथ पुट-कॉल रेश्यो (पीसीआर) भी शॉर्ट टर्म में बाजार के बियरिश रहने का संकेत दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अभी गिरावट जारी रह सकती है, हालांकि



बाजार के ओवरसोल्ड होने से कभी भी बाउंस बैक देखने को मिल सकता है, लेकिन अगर विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रही तो बाजार में और गिरावट आएगी। अक्टूबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 27,142 करोड़ रुपए निकाले हैं। इससे पहले सितंबर में विदेशी निवेशकों ने 57,724 करोड़ रुपए की निकासी की।

भारतीय बाजार का वैल्यूएशन अधिक होने से विदेशी निवेशक भारत में बेच रहे हैं और चीन में जमकर निवेश कर रहे हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशक जमकर निवेश कर रहे हैं। घरेलू खुदरा निवेशक भी ऊंचे वैल्यूएशन के कारण बाजार से पैसे निकाल रहे हैं। वे इक्विटी म्यूचुअल फंड्स के साथ अब गोल्ड और फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश बढ़ा रहे हैं। आरबीआइ 9 अक्टूबर को नीतिगत दरों का ऐलान करेगा, जो बाजार को प्रभावित करेंगे। मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो में कटौती की संभावना नहीं है, क्योंकि खुदरा महंगाई अब भी चिंता का विषय है। पश्चिम एशिया संकट के और बिगड़ने के आसार हैं।

## भारत आटा, चावल व दाल 10-15 फीसदी महंगे होने की आशंका, तेल के पहले ही बढ़ चुके दाम

**नई दिल्ली. एजेंसी**

त्योहारी सीजन में अब आपकी रसोई का बजट बढ़ने वाला है, क्योंकि केंद्र सरकार की ओर से जो सस्ता आटा, चावल, दाल मिल रहे थे, उनके दाम बढ़ाने की तैयारी है। केंद्र सरकार भारत ब्रांड के नाम से लोगों को रियायती दरों पर खाने-पीने के उत्पाद मुहैया करा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, सरकार के मंत्रिस्तरीय पैनल ने भारत ब्रांड के तहत बेचे जा रहे आटा, चावल और दाल के दाम बढ़ने के लिए चर्चा कर ली है और जल्द ही बढ़े हुए दाम पर इनकी बिक्री शुरू होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक हफ्ते में इनकी बिक्री शुरू हो सकती है। लेकिन इस बार लोगों को भारत आटा, चावल और दाल के लिए 10-15 फीसदी अधिक चुकाने होंगे। केंद्र सरकार ने फरवरी में 29 रुपए किलो चावल बेचने की शुरुआत की थी। महज पंद्रह दिन पहले खुदरा बाजार में जो रिफाइंड तेल 105 से 110 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था, उसके दाम बढ़कर 125-135 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। सरसों तेल भी काफी महंगा हो गया है। 15 दिन पहले 135-140 रुपए प्रति लीटर मिलने वाला सरसों तेल खुदरा बाजार में 155-170 रुपए लीटर बिक रहा है।



### मैनचेस्टर सिटी 50 मैच से घर में अजेय

## फुल्हम को 3-2 से हराया, तालिका में दूसरा स्थान

**मैनचेस्टर. एजेंसी**

यूरोप के शीर्ष फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने यहां खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में फुल्हम को कड़े मुकाबले के बाद 3-2 से शिकस्त दी। इसके साथ ही मैनचेस्टर सिटी ने अपने घरेलू मैदान पर अजेय रेकॉर्ड कायम रखा। मैनचेस्टर सिटी अपने घर में 50 मैचों से अजेय है। इस दौरान क्लब ने 41 मैचों में जीत हासिल की और नौ मुकाबले ड्रॉ खेले। मैनचेस्टर सिटी को घरेलू मैदान पर आखिरी बार ब्रेंटफोर्ड के हाथों 12 नवंबर 2022 को शिकस्त का सामना करना पड़ा था। मैनचेस्टर सिटी (17 अंक) इस जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और वह शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से सिर्फ एक अंक पीछे है। क्लब ने सात मैचों में अब तक पांच जीते और दो ड्रॉ खेले हैं। मैनचेस्टर सिटी घरेलू मैदान पर सर्वाधिक मैचों (सभी टूर्नामेंट) में अजेय रहने वाली इंग्लैंड की कुल चौथी टीम बन गई है।



## एशिया रग्बी सेवंस: भारतीय महिला टीम ने जीता रजत




**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय महिला रग्बी टीम ने काठमांडू में एशियाई रग्बी इमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के फाइनल में फिलीपींस से 5-7 से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल किया। शिखा यादव की अगुआई वाली टीम सेमीफाइनल में गुआम को 24-7 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंची थी। भारतीय कप्तान शिखा ने कहा कि वे आगामी प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगी।

### पाक टीम में आमिर जमाल की वापसी

**मुल्तान.** पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश का ऐलान कर दिया है। पाक टीम में शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह की वापसी हो गई है। वहीं आमिर जमाल भी पाक पैस अटैक का हिस्सा होंगे। वे तीन टेस्ट खेल चुके हैं।

### कोच श्रीजेश का पहला अभियान होगा जोहोर कप

## पुरुष हॉकी: भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे आमिर

**बेंगलूरु. एजेंसी**

आमिर अली को 19 अक्टूबर से मलेशिया में शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मुख्य कोच के तौर पर यह पहला दौरा होगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम ब्रिटेन (20), मलेशिया (22), ऑस्ट्रेलिया (23) और न्यूजीलैंड (25 अक्टूबर) से भिड़ेगी। शीर्ष दो टीमें 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में मुकाबला करेंगी।

### एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में किया शानदार प्रदर्शन

डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह उस सीनियर टीम का हिस्सा थे जिसने चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना खिताब बरकरार रखा था। आमिर ने टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि गुरजोत ने फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व किया था।

**भारतीय टीम:** बिक्रमजीत सिंह व अली खान गोलकीपर। **डिफेंडर:** आमिर अली (कप्तान), तलेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का व रोहित। **मिडफील्डर:** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो व चंदन यादव। **फॉरवर्ड:** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह व मोहम्मद कोनैन डैड।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



## करीना बोली, बहन करिश्मा तैयार होने में लगाती है टाइम

बॉलीवुड की चर्चित बहनों की जोड़ी करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर को प्रशंसक बहुत पसंद करते हैं। अब करीना ने अपनी बहन को लेकर खुलासा किया है। उन्होंने बताया है लोलो की कौन सी बात पर उनको गुस्सा आता है। बॉलीवुड में चर्चित बहनों की जोड़ी करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर को प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर अब द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में मस्ती मजाक और बातें करती नजर आने वाली हैं। शो में बेबो और लोलो की मस्ती का अंदाज दिखाई देने वाला है। द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो ने जारी नए प्रोमो एपिसोड में करीना कपूर खान से कपिल पूछते हैं कि करिश्मा की एक बात जो आपको पसंद नहीं आती है। इस पर करीना कपूर जवाब देती हैं, कि ये तैयार होने में बहुत टाइम लगाती है। करीना का ये जवाब सुनकर करिश्मा हंसने लगीं। शो के जारी प्रोमो में कपिल शर्मा कुछ सवाल करीना से पूछते हैं कि बच्चे ज्यादा शरारती हैं या बच्चों के पापा। करीना ने इस पर जवाब दिया आपको तो पता ही होगा, कितनी बार आपके शो में आ चुके हैं। सैफ अली खान को लेकर अभिनेत्री कई बार मस्ती भरी बातें करते देखा गया है। करीना कपूर खान ने शो में बताया कि सैफ अली खान से करीना ने अपने प्यार का सबूत मांगा था। उन्होंने कहा था कि अगर आप मुझसे प्यार करते हैं तो आपको मेरे नाम का टैटू बनवाना पड़ेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान अब सिंघम अगेन में नजर आने वाली हैं। इससे पहले करीना को 'द बकिंघम मर्डर' में देखा गया था।

## 'किक' में काम करने को लेकर बोले नवाजुद्दीन सिद्दीकी, 'मेरे माता पिता को अच्छा लगा...



बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इंडस्ट्री के तीनों खान कलाकारों के साथ काम करने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि मैंने जब किक में काम किया तो मेरे माता पिता को अच्छा लगा। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जैसे सितारों के साथ काम किया है। एक इंटरव्यू के दौरान नवाजुद्दीन ने इन्ही तीन खानों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि नवाजुद्दीन जब सलमान खान की किक में काम किया था, तब उनके माता पिता को इस पर विश्वास नहीं हुआ था। एक पॉडकास्ट के दौरान नवाजुद्दीन ने कहा कि शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान बड़े सुपरस्टार हैं और लोगों को लगता है कि अगर कोई अभिनेता उनके साथ काम करता है, तो वह सफल हो जाता है। दूसरों की राय के विपरीत, उनके माता-पिता को ऐसा बिल्कुल पसंद नहीं था। मेरे माता पिता को था कि ये अपने पैरों पर खड़ा हो जाए, कुछ करने लगे। उनको विश्वास नहीं था मेरे ऊपर की कुछ कर लेगा, लेकिन अच्छा लगा उन्हें जब उन्होंने किक देखी तो। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक बातचीत के दौरान कहा था मुझे एक ठेठ हीरो का प्रतिनिधित्व करना उबाऊ लगता है। हिंदी फिल्मों में भूमिका है कि हीरो सबको सेव करेगा और पूरी दुनिया को वही बचाएगा। फिल्म में कहानी होती है कि हिरोइन भी उसे ही प्यार करेगी, चाहे उसके अंदर कोई खूबी हो या न हो। फिल्मों में मुख्य अभिनेता क्या कमाता है, क्या करता है, ये भी पता नहीं होता है।

**ये फिल्में की:** फैमिली, कहानी, पान सिंह तोमर, गैंग्स ऑफ वासेपुर, बदलापुर, मंटो, ताली

## 'तनु वेड्स मनु-3' में ट्रिपल रोल करेंगी कंगना रनोट!

अभिनेत्री कंगना रनोट और आर माधवन की फिल्म तनु वेड्स मनु और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' को लोगों ने खूब पसंद किया था। फैंस को इस फिल्म के तीसरे पार्ट का काफी बेसब्री से इंतजार है। अब खबर है कि डायरेक्टर आनंद एल राय ने राइटर हिमांशु शर्मा के साथ मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट को पूरा कर लिया है। खास बात यह है कि फिल्म में इस बार कंगना रनोट ट्रिपल रोल में नजर आ सकती हैं।

**'तनु वेड्स मनु 3' फिल्म की कहानी:** एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के पहले और दूसरे पार्ट के एंड से 'तनु वेड्स मनु 3' की शुरुआत होगी। लोगों को इस बार फिल्म में रोमांस और ड्रामा के साथ-साथ ह्यूमर भी भरपूर देखने को मिलेगा। इसके अलावा मेकर्स ने जो कहानी लिखी है उसमें पहले और दूसरे पार्ट का सही मतलब समझाया जाएगा। खबरों की मानें तो इस फिल्म में कंगना रनोट ट्रिपल रोल में नजर आ सकती हैं। एक बार फिर आर माधवन संग जोड़ी बनती दिखेगी। अगर ऐसा हुआ तो ये कंगना के करियर की ऐसी पहली फिल्म होगी जिसमें वो ट्रिपल रोल में दिखेंगी। जबकि 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' में कंगना डबल रोल में नजर आई थीं। तनु वेड्स मनु 3 की शूटिंग 2025 के मिड से शुरू हो सकती है, जबकि 2026 में रिलीज करने की प्लानिंग है। 2022 में इंटरव्यू के दौरान आर माधवन ने 'तनु वेड्स मनु' की अगली फिल्म का हिस्सा बनने से इनकार किया था।



आसपास के फैक्ट्री संचालक अंजान...

## कहा- यहां तो कैमिकल बनाया जाता था, ड्रग बनाने का अब तक नहीं चला था पता

# ड्रग की फैक्ट्री, मालिक समेत सिर्फ चार लोग कर रहे थे काम, रात में चलती थी शराब पार्टी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में नशे का कारोबार करीब छह महीने से चल रहा था। प्लॉट नंबर 63 पर बनी इस फैक्ट्री में चल रही गतिविधियों की भनक आसपास के फैक्ट्री संचालक को नहीं थी। पास ही फैक्ट्री का संचालन करने वाले संचालक ने बताया कि केवल चार लोग ही फैक्ट्री में रहते थे। फैक्ट्री का गेट अधिकतर समय बंद रहता था और अंदर क्या चल रहा है किसी को भनक तक नहीं लगी। एक फैक्ट्री केक मालिक ने बताया कि ऐसा लगता था कि वहां कीटनाशक बनाया जा रहा है। मिक्सर मशीन में खराबी आने के कारण फैक्ट्री के कुछ लोग मशीन का ड्रम सुधारने के लिए लेकर आए थे।

ड्रम अंदर पहुंचते ही उसे रिपेयर करने का प्रयास किया गया, जिससे असहनीय बदबू आई और उनकी फैक्ट्री में काम करने वाले बाहर निकल गए। ड्रम सुधरवाने आए लोगों ने ड्रम को जल्दी रिपेयर करने का दबाव बनाया था। एक दिन में रिपेयरिंग न होने के कारण उन्होंने ड्रम लौटा दिया।



### हम नहीं जानते कि ड्रग्स कैसे बनता

एक अन्य फैक्ट्री संचालक ने बताया कि हमें नहीं पता कि ड्रग्स किस तरह से बनाया जाता है। इस फैक्ट्री में कभी कोई बड़ा ट्रक या कंटेनर नहीं आता था। वहां क्या काम चल रहा है कि इसके बारे में जानकारी नहीं जुटाई। हां यह बात जरूर जानकारी में थी कि फैक्ट्री में कैमिकल बनता है। इतना बड़ा अवैध कारोबार चल रहा है कि इसकी हमें बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र में आवाजाही कम हैं। यहां वर्कर भी नहीं मिलते हैं। अनुमान है कि इसलिए यहां अवैध फैक्ट्री संचालित की जा रही थी।

### कुछ दिन से बदल गया था लिविंग स्टेंडर्ड

फैक्ट्री में काम करने वाले पहले लाल रंग की इंडिका कार से आते थे। अभी पंद्रह दिन के अंदर नई नई कार से फैक्ट्री के लोग आने लगे थे। फैक्ट्री के सामने से सफेद रंग की आई-20 कार खड़ी नजर आई। बताया जा रहा है कि उक्त कार फैक्ट्री मालिक की है। इसके अलावा भी यहां नई नई लग्जरी कार आ रही थी। अलग अलग दो से तीन कार दिखने पर हम लोग खुद हैरान हो गए थे कि फैक्ट्री में ऐसा कौनसा काम चल रहा है।

### किराएदार की सूचना नहीं देने पर मकान मालिक पर एफआईआर

किराएदार और नौकरी की सूचना थाने पर नहीं देने वालों के खिलाफ अब पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एमडी ड्रग मामले में किरायेदारों, नौकरों की सूचना नहीं देने के मामले में कटारा पुलिस ने लगातार दूसरे दिन दूसरी एफआईआर दर्ज की। पुलिस आयुक्त महोदय नगरीय पुलिस भोपाल हरि नारायण चारी मिश्रा ने बताया कि धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत दिनांक 17 अगस्त को आदेश जारी किया गया था। आदेश में किरायेदारों नौकरों, सहायकों आदि के संबंध में सूचना देना कानूनन बाध्यकारी किया गया। इसे प्रेस के माध्यम से विधिवत प्रसारित किया गया। इसके अलावा पुलिस द्वारा भी जगह-जगह अनाउंसमेंट कराया गया कि भू स्वामी द्वारा किराएदारों की नौकरों की अन्य जानकारी न देने पर धारा 233 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसी तारतम्य में 6 अक्टूबर को बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र में एमडी की फैक्ट्री पक? जाने के मामले में स्प्रिंग वैली देवघर कटारा हिल्स के ए ब्लॉक के फ्लैट नंबर 503 के मालिक श्रीमती साध्वी श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव निवासी शक्ति नगर गोविंदपुरा भोपाल के खिलाफ किराएदारी की सूचना न देने का मामला दर्ज किया गया है। उक्त मकान में मकान मालिक द्वारा मई 2024 से एग्रीमेंट करके अमित चतुर्वेदी को उक्त मकान किराए पर दिया गया था परंतु उसकी कोई विधिवत सूचना ना तो पुलिस थाने में दी गई न ही पोर्टल पर अपडेट की गई।

# नदी में मिली महिला की नहीं हो सकी शिनाख्त

- डॉक्टर का कहना शरीर पर नहीं है चोट के निशान, जल प्रवाह की आशंका
- रायसेन में भी सर्पदंश के बाद नदी में इस तरह कराया गया था जलप्रवाह, पुलिस शिनाख्त में जुटी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित हलाली नदी से शनिवार 5 अक्टूबर की सुबह बंद बोरी में मिली महिला की लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस की अलग अलग टीम मृतिका की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने राजधानी समेत आसपास के जिलों में महिला का हुलिया भेज दिया है। पुलिस को एक अन्य तथ्य नजर आया है।

हालांकि पुलिस इसे जांच का आधार नहीं मान रही है। पुलिस को पता चला कि रायसेन में सर्पदंश के बाद एक व्यक्ति की लाश परिजन ने ऐसे ही नदी में लपेटकर जल प्रवाह कर दिया था। हालांकि बाद में रायसेन पुलिस ने लाश नदी से निकाली और उसकी शिनाख्त कर ली थी। इसके बाद परिजन को लाश सौंपकर दाह संस्कार कराया गया। महिला के दाहिने हाथ पर हिन्दी में शुभम, अंकुश, गंगाराम गुदा हुदा हुआ है, जबकि नाम के पास ही एक दिल बना है। दिल में अंग्रेजी में जीएस गुदा है। पीएम के समय डॉक्टर ने शव देखा तो बाएं हाथ पर भी गोविंद लिखा हुआ मिला। साथ ही ॐ बना हुआ है। महिला का हुलिया मजदूरों की तरह लगने के कारण पुलिस की टीम मजदूरों के पीठे पर पहुंचकर महिला और उसके हाथों पर गुदें नाम के लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि महिला की पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन डॉक्टर से ओपिनियन जरूर मिल गया। डॉक्टर ने बताया कि महिला के शरीर पर चोट के निशान नहीं है।

## सड़क हादसे में युवती की मौत के 6 दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र से एक किलोमीटर की दूरी पर 6 दिन पहले हुए सड़क हादसे में एक युवती की जान चली गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुका है, बावजूद इसके मिसरोद थाना पुलिस आरोपी और कार का पता नहीं लगा सकी है। मृतका के परिजनों का धैर्य जवाब दे रहा है, उन्होंने पुलिस पर बहुत धीमी गति से जांच करने और सभी बिंदुओं पर जांच नहीं करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर इसी तरह से जांच चलती रही तो आरोपी पकड़ा ही नहीं जा सकेगा। जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय युवती पूजा पिता विष्णु प्रसाद मैथिल मंडीदीप की रहने वाली थी। वह मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कोरल वुड कॉलोनी में बच्चों को ट्यूशन पढाने का काम करती थी।

# बिकी हुई जमीन का सौदा कर कपड़ा व्यापारी से 14 लाख रुपए की ठगी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

परवलिया थाना क्षेत्र स्थित नीलबड़ में जमीन बेचने के नाम पर कपड़ा व्यापारी को जालसाजों ने 13 लाख 80 हजार रुपए की चपत लगा दी। आरोपियों ने पहले से बिकी हुई जमीन का सौदा करते हुए व्यापारी को चपत लगाई है। व्यापारी को इस बात की भनक लगी तो आरोपी रुपए लेकर फरार हो चुके थे। पीड़ित व्यापारी ने घटना की शिकायत थाना पुलिस और आलाधिकारी से की थी। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद अन्य आरोपी भी बढ़ सकते हैं। पुलिस ने बताया कि दानिश नगर निवासी धीरेन्द्र गुप्ता (56) की एमपी नगर में कपड़े की दुकान है। इस वर्ष जनवरी महीने में उन्होंने परवलिया के नीलबड़ की जमीन को लेकर सईद, रईस व अशरफ से सौदा किया। इनमें से एक आरोपी ने जमीन खुद की होना बताया था। धीरेन्द्र ने अलग-अलग किश्तों में जालसाजों को 13 लाख 80 हजार रुपए चुका दिए। इस बीच अगस्त के महीने में पता चला कि जिस जमीन का सौदा किया गया है वो आरोपियों के नाम पर नहीं है।

## एटीएम कार्ड होल्ड कर बूथ पर चिपकाया फर्जी हेल्पलाइन नंबर, डेट लाख का लगाया चूना

**भोपाल।** सायबर फ्रॉड धोखाधडी की नई नई तकनीक इजात कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित आईसीआईसी बैंक के एटीएमए बूथ में आया। सायबर ठग ने पैसा निकालने के लिए एटीएम मशीन में डाला गया एटीएम कार्ड डिवाइस की मदद से होल्ड कर लिया था। एटीएम बूथ की दीवार पर फर्जी हेल्पलाइन नंबर का स्टीकर लगा दिया। कार्ड फंसने पर फरियादियों ने हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया तो उनसे बैंक डिटेल लेकर अकाउंट से डेढ लाख रुपए की रकम निकाली गई। घटना 3 अक्टूबर की है। पांच दिन बाद पुलिस ने धोखाधडी की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर को शाहपुरा के मनीषा मार्केट की आईसीआईसीआई बैंक की एटीएम मशीन के मेंटनेंस के लिए कर्मचारी बूथ पर पहुंचे। इस दौरान मशीन के अंदर एक डिवाइस अलग से लगी मिली। इसकी सूचना चूनाभट्टी पुलिस को दी गई। एटीएम के अंदर चार एटीएम कार्ड भी मिले। एटीएम की जानकारी जुटाने पर पता चला कि इन एटीएम कार्ड का उपयोग करने वाले दो लोगों ने पुलिस से ठगी हुई है।

# वीडियो वायरल की धमकी देकर ठेकेदार कर रहा था दुष्कर्म



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मिसरोद पुलिस ने 37 साल की एक गृहणी की शिकायत पर पुताई ठेकेदार के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। घर में आने-जाने के दौरान आरोपी ने बाथरूम में नहा रही महिला का वीडियो बना लिया और फिर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पहले उसने पैसों की मांग की और फिर दैहिक शोषण करने लगा।

बाद में आरोपी ने महिला के सोने के आभूषण भी हड़प लिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मिसरोद की एक कॉलोनी में रहने वाली 37 साल की महिला गृहणी हैं। करीब एक साल पूर्व महिला के घर में पुताई का काम चल रहा था। पुताई के दौरान ठेकेदार रोशनलाल मेवाड़ा का भी घर में आना-जाना लगा रहा। उन्हीं दिनों रोशनलाल मेवाड़ा ने बाथरूम में नहा रही महिला का वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह ब्लैकमेल करने लगा।

उसने महिला से पैसों की मांग की। इनकार करने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला का शारीरिक शोषण शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी ने महिला के सोने के आभूषण भी हड़प लिए। महिला ने पुलिस में शिकायत करने की बात की तो आरोपी रोशनलाल ने डरा-धमकाकर खामोश कर दिया। आरोपी की बढ़ती मनमानी से तंग आकर पीड़िता ने सारी बात अपने पति को बता दी। पीड़िता अपने पति के साथ मिसरोद थाने पहुंची और आरोपी रोशनलाल मेवाड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया।

## रेलवे स्टेशन को बनाया चोरी का अड्डा

# चोर सक्रिय : नींद लगते ही चुरा लेते हैं मोबाइल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। दूसरी तरफ अब चोरों ने रेलवे स्टेशन परिसर को भी अपना अड्डा बना लिया है। बदमाश गहरी नींद में सो रहे यात्रियों को निशाना बनाकर उनकी जेब से मोबाइल चुरा रहे हैं। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और भोपाल मुख्य स्टेशन से पांच यात्रियों के मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। जीआरपी ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिए है। पुलिस स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

रानी कमला पति जीआरपी ने बताया कि हरिहर दास निवासी छिंदवाड़ा ने दोस्त पूनाराम के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि रविवार को वह अपने साथी पूनाराम का ट्रेनिंग आफिसर का पेपर आईईएस कॉलेज भोपाल से दिलाकर अपने अपने घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन रानी कमलापति आए थे। दोनों टिकिट लेने गए। टिकिट नहीं मिलने के कारण वह वेटिंग हॉल में बैठ गए। पूनाराम ने हरिदास को अपना मोबाइल दे दिया। उनके पास उनका और और पूनाराम का मोबाइल था। थोड़ी देर बाद बैठे-बैठे हरिहर को नींद लग गई। शाम करीब 4 बजे नींद खुली तो पेंट की जेब में रखे दोनों मोबाइल चोरी हो चुके थे। चोरी गए मोबाइल की कीमत क्रमशः साढे 12 हजार रुपए और 28 हजार रुपए है।

### चार्जिंग पर लगा मोबाइल चोरी

गांव सेमली, शाजपुर निवासी देवेन्द्र सिह कुंभकार ने शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार को वह अपने दोस्त विमल के साथ उज्जैन भोपाल स्पेशल पेसेंजर के जनरल कोच में कालीसिंग से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। सीहोर स्टेशन तक सीट पर बैठ कर आए। सीहोर स्टेशन में सीट खाली होने से में व मेरा दोस्त विमल कुभकार आमने-सामने की सीट पर बैठ गए। वहीं मोबाइल को चार्जिंग पाइंट में चार्ज करने लगे। दोस्त शर्ट कि सामने कि जेब में रख कर सीहोर स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद सो गया। संत नगर आने पर नींद खुली तो चार्जिंग पाइंट पर लगा मोबाइल नहीं मिला मेने दोस्त को जगाया तो उसने बताया मेरा भी मोबाइल जो जेब में रखा था वो नहीं है।

**मेट्रो एंकर**

## गोरखपुर पुणे एक्सप्रेस से बच्चों को ले जाया जा रहा था

# बाल मजदूरी कराने 6 बच्चों को महाराष्ट्र ले जा रहे 3 गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आरपीएफ कमलापति ने गोरखपुर पुणे एक्सप्रेस से दस बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें महिला समेत तीन संदिग्धों के चंगुल से मुक्त कराया है। तीनों संदिग्ध दस बच्चों को बाल श्रम के लिए उत्तर प्रदेश से महाराष्ट्र ले जा रहे थे। आरपीएफ ने चार बच्चों के परिजन से बातचीत की। परिजन को उनके बच्चों के महाराष्ट्र जाने की जानकारी दी थी। जबकि छह बच्चों के परिजन को पता ही नहीं था कि उनके बच्चे कहां और कौन उन्हें बाल श्रम के लिए ले जा रहा है। आरपीएफ ने तीनों आरोपियों को जीआरपी को सौंप दिया है। जीआरपी तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जबकि बच्चों को मेडिकल के बाद नित्य सेवा सोसायटी चांदबड़ में सुरक्षित रखा गया है।

कमला पति आरपीएफ इंस्पेक्टर रोहित चतुर्वेदी ने बताया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) द्वारा प्रतिदिन ट्रेनों में चेकिंग की जाती है। 4 अक्टूबर की सुबह टीम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पहुंची गोरखपुर पुणे एक्सप्रेस को चेक किया। इस दौरान एस-वन कोच में दस बच्चें एक साथ नजर आए। बच्चों की उम्र 10 से 17 साल थी। मामला संदिग्ध लगने पर आरपीएफ की एएचटीयू ने बच्चों से बातचीत की। इस दौरान पता चला कि रिंकू पाल, रोशन एवं पूजा पाल उन्हें उन्हें उत्तर प्रदेश से लेकर काम दिलाने का कहकर महाराष्ट जा रहे हैं।

### इटारसी जीआरपी से किया संपर्क

आरपीएफ ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) मेंबर सलमान मंसूरी से संपर्क किया। उन्होंने विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन नर्मदापुरम से सचिन्द्र चौरे को रेलवे स्टेशन भेजा। इस दौरान ट्रेन इटारसी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी। उनकी उपस्थिति में सभी 10 बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि हमें मजदूरी कराने के लिए उत्तर प्रदेश से महाराष्ट ले जाया जा रहा था। आरपीएफ और ऑर्गनाइजेशन की टीम जीआरपी इटारसी पहुंची, वहां कहा गया कि प्रकरण रानी कमलापति स्टेशन का है, वहीं एफआईआर होगी। लिहाजा आरपीएफ की टीम उन्हें 4 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे भोपाल लेकर पहुंची। रानी कमलापति जीआरपी ने उक्त मामले में उत्तर प्रदेश निवासी रिंकुपाल, रोशन यादव, पूजा पाल के खिलाफ धारा 81 किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। सभी को कोर्ट में पेश किया गया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022